

दैनिक
# माधव संदेश
पल-पल की खबर हर पल

माधव संदेश
ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं,छापते है
संपर्क करें
9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-157 | इटावा,गुरूवार 06 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुरी अंदाज में लालू ने दी चुनौती......उखाड़ के फेंक देब, नरेंद्र मोदी, समझ ल

पटना। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बुधवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। जहां पर बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कार्यालय मौजूद थे। राजद अध्यक्ष लालू स्थापना दिवस के मौके पर अपने पुराने अंदाज में दिखे। उन्होंने अपने संबोधन में भोजपुरी भाषा का भी खूब इस्तेमाल किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। लालू ने भोजपुरी में कहा, उखाड़ के फेंक देब, नरेंद्र मोदी, समझ ल, ज्यादा जुल्म नहीं करना, कोई ठहरा नहीं, जिस पर चाहते हैं, मुकदमा करो-मुकदमा करो, जब तू ना रहबा, तब का होई।

### तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम सुरक्षा की अवधि बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों में कथित तौर पर झूठे सबूत गढ़ने से जुड़े एक मामले में कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम सुरक्षा की अवधि बढ़ा दी। जस्टिस बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने गुजरात राज्य द्वारा स्थगन के अनुरोध के बाद नोटिस जारी कर सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे तय की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ गुजरात की तरफ से पेश हुए। उन्?होंने कहा कि अदालत के समक्ष अतिरिक्त दस्तावेज और उनका अनुवाद दाखिल करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता सीतलवाड़ की अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्हें नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

# आदिवासी पर पेशाब करने वाले आरोपी पर एनएसए, घर पर चला बुलडोजर



संवाददाता ■ भोपाल/सीधी

सीधी जिले में एक आदिवासी पर पेशाब करने के आरोपी भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर एनएसए लगाया गया है। प्रवेश पर नशे की हालत में युवक से अभद्रता करने का आरोप है। सरकारी अमला प्रवेश का घर ढहाने बुलडोजर और जेसीबी लेकर पहुंचा है। मौके पर एसडीएम नीलांबर मिश्रा, पटवारी और 70 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद हैं।

जेसीबी देखकर आरोपी प्रवेश की मां और चाची बेहोश हो गईं। डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। आरोपी की मां रोते हुए अफसरों से बोली- बेटे ने गलत काम किया है तो उसे सजा दें। मेरा घर न गिराएं। यह घर मैंने बड़ी मुश्किल से बनाया है। लेकिन प्रशासन की टीम बुलडोजर और जेसीबी से मकान को गिराने में जुटी रही।

सिहावल एसडीएम आरपी त्रिपाठी का कहना है कि मकान में किए गए निर्माण में से करीब एक तिहाई हिस्सा अवैध है, उसे ढहाया जा रहा है।

### मकान में प्रवेश के पिता समेत चार हिस्सेदार

सभी परिजन को बाहर निकालकर मकान को तोड़ने का काम जारी है। इस मकान में चार हिस्सेदार हैं- प्रवेश के पिता रमाकांत शुक्ला, दो चाचा और दादी। इस मकान के आसपास बने स्टोर रूम के दो कमरे, मेहमानों के लिए बनाया गया कमरा और सीढ़ियां तोड़ी जा चुकी है। मुख्य मकान के आगे के हिस्से को ढहा दिया गया है। मकान तोड़ते समय एक जेसीबी खराब हो गई। प्रशासन ने तत्काल दूसरी जेसीबी बुलाकर तुड़ाई दोबारा शुरू करा दी।

जेसीबी के ड्राइवर ने बताया कि मकान का निर्माण कार्य अच्छी गुणवत्ता से किया गया है इसलिए तोड़ने में समय लग रहा है। वहीं, राजस्व विभाग के अधिकारी सौरभ मिश्रा ने बताया कि फिलहाल 400 वर्ग फीट में बने अवैध हिस्से को गिरा दिया गया है।

### जरूरत पड़ी तो अपराधियों को जमीन के नीचे गाड़ देंगे

पेशाब कांड पर सीएम शिवराज सिंह ने कहा है, एनएसए लगा दिया गया है, बुलडोजर भी चला दिया गया है। अगर जरूरत पड़ी तो मामाजी अपराधियों को 10 फुट जमीन के नीचे भी गाड़ देंगे। मामाजी का संदेश साफ है, इसलिए गलत मंशा वालों मध्यप्रदेश में अपराध करने से पहले 10 बार सोच लेना।

दिलीप मंडल नाम के एक यूजर ने ट्वीट किया था कि अगर इस केस में बुलडोजर नहीं चला तो यही माना जाएगा कि आपमें न्याय करने की क्षमता नहीं है और आप समदर्शी नहीं हैं। जिसके जवाब में सीएम शिवराज सिंह ने ये बात कही।

### कांग्रेस ने गठित की 5 सदस्यीय जांच कमेटी

बीजेपी के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी सीधी पेशाब कांड की जांच के लिए पांच लोगों की समिति बनाई है। पीसीसी चीफ कमलनाथ के निर्देश पर गठित समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, मानिक सिंह, लाल चंद्र गुप्ता, सरस्वती सिंह और बसंती कोल हैं। यह समिति मौके पर पहुंचकर मामले की विस्तृत जांच करेगी और 8 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

### पिता-माता और पत्नी को थाने बुलाकर पूछताछ की गई थी

आरोपी प्रवेश सीधी से 20 किलोमीटर दूर कुबरी गांव का रहने वाला है। उसका घर पंचायत भवन से 100 मीटर दूर है। वीडियो सामने आने के बाद बहरी पुलिस मंगलवार को उसके घर पहुंची थी, लेकिन प्रवेश वहां नहीं मिला। पुलिस ने उसके पिता-माता और पत्नी को थाने बुलाकर पूछताछ की। परिवार ने घटना को लेकर किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार किया।

# शरद पवार को हटाकर अजित एनसीपी अध्यक्ष बने

संवाददाता ■ मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बुधवार को शरद पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने का ऐलान किया। अजित ने खुद को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बताया। प्रफुल्ल पटेल ने मुंबई में 30 जून को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई थी, उसी में यह फैसला हुआ था।



इधर, दोनों गुटों के नेता चुनाव आयोग पहुंचे। अजित पवार गुट ने आयोग में एनसीपी और उसके चुनाव चिन्ह घड़ी पर अपना दावा जताते हुए 30 जून को ही पत्र भेजा था।वहीं, शरद पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र में पार्टी के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने 3 जुलाई को आयोग से अजित समेत 9 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की।

### शरद पवार बोले- अजित ने गलती की, सजा भुगतने को तैयार रहें

वाईबी चह्वाण सेंटर में मीटिंग में शरद पवार ने कहा- जो शिवसेना के साथ हुआ, वही हृष्टक्रके साथ हुआ है। अजित पवार के मन में कुछ था तो मुझसे बात करनी चाहिए थी। सहमति नहीं हो तो बातचीत से हल निकालना चाहिए। अजित की बात सुनकर अफसोस हुआ। गलती सुधारना हमारा काम है। आपने गलती की है तो सजा भुगतने तैयार रहें। आज की बैठक ऐतिहासिक है। देश का ध्यान इस पर है। अजित की भूमिका देश हित में नहीं है। मैं सत्ता पक्ष में नहीं हूं। मैं जनता के पक्ष में हूं। प्रधानमंत्री जब बारामती आए थे उन्होंने कहा था कि देश कैसे चलाना चाहिए यह मैंने पवार साहब की ऊंगली पकड़कर सीखा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भोपाल में कहा था कि हृष्टक्रने भ्रष्टाचार किया है।

### जल्द ही तानाशाही मोदी सरकार को बदला जाएगा ~ तेजस्वी यादव

पटना। राजद ने बुधवार को अपना 27वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामना देकर कहा कि तानाशाही भाजपा की सरकार को बदला जाएगा और शांतिप्रिय समाज का निर्माण किया जाएगा। तेजस्वी इनदिनों विदेश दौरे पर हैं। स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने ट्वीट कर राजद के कार्यकर्ताओं को शुभकामना दी। तेजस्वी ने ट्वीट करते हुए लिखा, निरंतर 26 वर्षों से मिल रहे आपके अपार सहयोग, अखंड विश्वास और अटूट प्रेम के हम सभी आभारी है। उन्होंने लोगों से अपील कर लिखा कि इस स्थापना दिवस पर हम संकल्प लें कि देश की वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए एकजुट होकर 9 वर्षों से केंद्र में बैठी किसान, युवा, छात्र, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और संविधान विरोधी तानाशाही बीजेपी सरकार को बदला जाएगा।

# ओडिशा में मां ने नवजात को 800 रुपए में बेचा

## पति से चोरी-छिपे सौदा किया

एजेंसी ■ ओडिशा

ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक आदिवासी महिला ने अपनी आठ महीने की बेटी को 800 रुपए में बेच दिया। महिला की पहचान करामी मुर्मू के रूप में हुई है। उसके पहले से एक बेटी थी। दूसरी बच्ची के जन्म से वह खुश नहीं थी। महिला ने पति मुसु मुर्मू से छुपकर बेटी का सौदा किया। मुसु को जब इसके बारे में पता चला तो उसने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने मां सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### गरीबी से तंग आकर बच्ची को बेचा

यह आदिवासी कपल बिप्रचरणपुर गांव में रहता है। घर की आर्थिक हालात सही नहीं है। महिला के जब दूसरी बेटी हुई। तो वह परेशान रहने लगी। उसने पड़ोसी माही मुर्मू को बताया कि वह बच्ची की



परवरिश नहीं कर पा रही है। माही दलाल के रूप में काम करता है। उसने बच्ची के लिए खरीदार ढूंढे। सौदा तय होने पर करामी ने अपनी आठ महीने की बेटी को फुलमणि और अखिल मरांडी को सौंप दिया।

### बच्ची के पिता घर लौटे, पुलिस में शिकायत की

इस बीच बच्ची के पिता मुसु मुर्मू काम के सिलसिले से तमिलनाडु गए थे। जब वह घर लौटे तो उन्होंने अपनी पत्नी से दूसरी बेटी के बारे में पूछा। महिला ने बताया, उसकी मौत हो गई है। बाद में आसपास रहने वालों से मुसु को पता चला कि उसकी बेटी को बेच दिया गया है।

### आईएएस अफसर पूजा सिंघल के पति को अग्रिम जमानत

रांची। भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में निलंबित और जेल में बंद आईएएस अफसर पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली है। झा कारोबारी हैं और ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ भी चार्जशीट दायर कर रखी है। ईडी ने उनके सीए रहे सुमन कुमार के घर से लगभग 18 करोड़ नगद बरामद किए थे। गिरफ्तारी की आशंका को देखकर झा ने पहले हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी।

### पुलिस आयुक्त ने राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक ली




भोपाल। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की आज कमिश्नर कार्यालय मे बैठक ली गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी एवं समस्त डीसीपी, एडीडीएल, एसीपी, टीआई, व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील- यूसीसी का विरोध करें

एजेंसी ■ नई दिल्ली

27 जून को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में यूनिफॉर्म सिविल कोड को जल्द लागू करने की वकालत की थी। पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुधवार को वर्चुअल मीटिंग की और यूसीसी का विरोध करने का फैसला किया। बोर्ड ने लेटर जारी कर लोगों से विरोध करने की अपील की। इधर, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शरियत कानून पर हमला बोला है। खान ने कहा- मुस्लिम पर्सनल लॉ बनाने वाले अपने आप को खुदा से कम नहीं समझते। बादशाहों की जरूरत पूरी करने के लिए लिखे गए कानूनों को



शरियत का नाम दिया गया। ये उसी की वकालत करते हैं। खान ने यह भी कहा- इस्लामी कानून भेदभाव करते हैं। 90 प्रतिशत कानूनों का कुरान से कोई लेना-देना नहीं है। तीन तलाक खत्म करने के लिए 40 साल बाद हमारी पीढ़ियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद करेंगी।

खान ने कहा कि यूसीसी समय की मांग है। आप कानून बदल सकते हैं, लेकिन आदतें बहुत मुश्किल से बदलती हैं। कुछ लोगों की वोट बैंक के लिए धर्म का प्रदर्शन करने की आदत है। इसलिए उनसे किसी समझदारी की उम्मीद करना बेमानी होगी।

पीएम मोदी ने 2019 में ट्रिपल तलाक खत्म किया। तब से आज तक मुस्लिमों में ट्रिपल तलाक के मामलों में 95त्न की कमी आई। फायदा उन महिलाओं को हुआ, जो तीन तलाक के बाद दर-दर भटक रही थीं। इस कानून से उनकी जिंदगी बदल गई। यूसीसी लागू होने के बाद अगर दो महिलाएं समान परिस्थितियों में कोर्ट जाती हैं तो कोर्ट उनसे उनका धर्म नहीं पूछेगा, बल्कि समान रूप से न्याय करेगा। जिसे पाना हर नागरिक का हक है। यूनिफार्म सिविल कोड यही बात सुनिश्चित करेगा।

आरएसएस का दावा- विरोध से ज्यादा लोग तो पक्ष में हैं- संघ के इंद्रेश कुमार बोले- विरोध से ज्यादा लोग इसके पक्ष में हैं। इसके लागू होने से धार्मिक संस्कार और छुआछूत खत्म हो जाएगी। महिलाओं पर अत्याचार खत्म होगा। लोग एकजुट होंगे और स्वतंत्र रूप से अपने धर्म का पालन कर सकेंगे।

यूसीसी को नॉर्थ ईस्ट में लागू न किया जाए- नगा जनजातियों की संस्था नगा होहो के महासचिव केएलु एनदांग ने कहा कि जरूरी नहीं कि यूसीसी नगा लोगों या आदिवासियों के लिए सही हो।

# खालिस्तान मूवमेंट चला रहा एसएफजे प्रमुख पन्नू की मौत

## अमेरिका में कार एक्सीडेंट में गई जान, खालिस्तानियों की हत्या के बाद अंडरग्राउंड था

एजेंसी ■ अमृतसर

कुख्यात खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिका में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। अभी तक की जानकारी के मुताबिक अमेरिका के हाईवे 101 पर पन्नू का एक्सीडेंट हुआ। हालांकि इसकी किसी तरफ से औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है। पन्नू पिछले कुछ समय से अंडरग्राउंड था। लोकेशन ट्रेस न हो, इसके लिए उसने मोबाइल भी स्विच ऑफ कर रखा था। पाकिस्तान में परमजीत सिंह पंजवड़ की हत्या, फिर लंदन में अवतार सिंह खांडा की मौत और कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के बाद पन्नू को डर था कि उसकी भी हत्या हो सकती है।

पन्नू पिछले काफी समय से भारत विरोधी बातें करता रहता था। वह आए दिन कोई न कोई वीडियो जारी कर खालिस्तान समर्थकों को उकसाता था। भारत की एजेंसियों को बदनाम कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश करता था। हाल ही में उसने खालिस्तान समर्थकों की हत्या के बाद इसके लिए कनाडा और अमेरिका में भारतीय दूतावास के अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए वीडियो भी जारी किया था। यह



उसका धमकी भरा आखिरी वीडियो था।

पन्नू अमृतसर के खानकोट का रहने वाला था। वह च बैठे बब्बर खालसा इंटरनेशनल के परमजीत सिंह पम्मा, कनाडा में रहने वाले KTF चीफ हरदीप सिंह निज्जर और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के मलकीत सिंह फौजी के संपर्क में था।वह पंजाब के गैंगस्टरों और युवाओं को अलग खालिस्तान देश के लिए लड़ने के लिए उकसा रहा था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसे आतंकवादी घोषित किया था।

गुरपतवंत पन्नू अमेरिका में बैठकर पिछले लंबे समय से पंजाब रेफरेंडम 2020 नाम से खालिस्तानी आंदोलन चला रहा था। यहां वह सिखों को उकसाने की कोशिश कर रहा था।

सिखों को खालिस्तान मुहिम से जोड़ने के लिए पन्नू सोशल मीडिया का सहारा लेता था। पन्नू के लिए खालिस्तानी नारे लिखने के लिए वह फंडिंग भी करता था।

# ईडी पर लगाम लगाने सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार, सुरक्षा का दिया हवाला

एजेंसी ■ नई दिल्ली

ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पर लगाम लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की गई। इस दौरान ईडी की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट में सवाल उठे हैं। एक मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट ने कहा, अगर ईडी पर लगाम नहीं लगाई गई, तो देश में कोई सुरक्षित नहीं होगा। बता दें कि गुरुग्राम की कंपनी एम3एम के खिलाफ जारी पीएमएलए केस से जुड़ी कई याचिकाओं पर शीर्ष न्यायालय में सुनवाई हुई थी। एम3एम समूह का पक्ष रखने कोर्ट पहुंचे एडवोकेट सालवे ने कहा कि ईडी को ये शक्तियां दी गई हैं। अगर कोर्ट ने इनपर लगाम नहीं लगाई, तो देश में कोई भी सुरक्षित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देखिए, किस तरह से गिरफ्तारियां हो रही हैं। वे सहयोग कर




रहे हैं। गिरफ्तार किया जाना मेरे अधिकारों का उल्लंघन है, इन ताकतों पर लगाम लगाए जाने की जरूरत है। सालवे के अलावा एडवोकेट मुकुल रोहतगी भी एम3एम के निदेशक बसंत बंसल और पंकज बंसल का पक्ष रख रहे थे। दोनों को एक एक पूर्व जज को रिश्वत देने से जुड़े मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

इसमें सबसे खास बात है कि याचिका के जरिए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने भी इस मामले में गिरफ्तारी पर दखल देने से इनकार कर दिया था।

### करीब दो माह बाद मणिपुर में बुधवार से खुले स्कूल

इंफाल। मणिपुर में 3 मई को भड़की हिंसा के दो महीने से अधिक समय के बाद बुधवार को कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए स्कूल फिर से खुले। अधिकारियों ने बताया कि कुल 4,521 स?कूलों में कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई शुरू हो गई है, हालांकि आज औसतन 20 फीसदी छात्र ही उपस्थित थे। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कम उपस्थिति दर के लिए हिंसा से संबंधित मुद्दों, परिवहन और माता-पिता तथा बच्चों के बीच डर को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच, 96 स्कूल बंद हैं, क्योंकि परिसर में विस्थापित लोगों के लिए राहत शिविर बनाए गए हैं। इसमें, सबसे अधिक 41 स्कूल चुराचांदपुर जिले में हैं।

# मोदी कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट: यूपी से 2 ब्राह्मण चेहरों को केंद्रीय मंत्रिमंडल में मिल सकती है जगह, जनरल वीके सिंह हो सकते हैं आउट

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मोदी कैबिनेट में उत्तर प्रदेश के किस चेहरे की विदाई होगी और किसको मौका मिलेगा? फिलहाल यूपी के सियासी गलियारों में यह चर्चा तेज है। सूत्रों की मानें तो बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय और गाजियाबाद से सांसद जनरल वीके सिंह की विदाई तय मानी जा रही है। इनकी जगह जातीय संतुलन साधने के लिए टीम मोदी में यूपी के नए चेहरे शामिल किए जाएंगे।

इस कड़ी में सबसे आगे बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी में से किसी एक को ब्राह्मण चेहरे का विकल्प बनाया जा सकता है। वहीं, बलिया से सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को जनरल वीके सिंह की जगह मौका



मिल सकता है। कैबिनेट विस्तार में अगर यूपी के मंत्रियों की छंटनी होती है तो बीजेपी ब्राह्मण, ठाकुर और बीजेपी चेहरों पर दांव खेलेगी। ऐसे में कुछ बड़े चेहरों का विकेट गिर सकता है। आइए एक-एक करके इन चेहरों और इनके संभावित रिप्लेसमेंट पर नजर डालते हैं।दरअसल, वीरेंद्र सिंह मस्त बीजेपी किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। यूपी के किसानों के बीच अच्छी पहुंच रखते हैं। दिल्ली में किसान आंदोलन के बाद लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड के बाद कहीं न कहीं बीजेपी को विरोध झेलना पड़ा था। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले किसानों में पार्टी का विश्वास बढ़े इसके लिए वीरेंद्र सिंह मस्त को मोदी कैबिनेट में अहम स्थान मिल सकता है।

## सबसे पहले बात उन चेहरों की जिन पर तलवार लटक रही है...

**पहला नाम- महेंद्रनाथ पांडेय**

मोदी कैबिनेट में यूपी कोटे से सबसे बड़े ब्राह्मण चेहरों में से एक नाम महेंद्रनाथ पांडेय का आता है। सूबे में पूर्व भाजपा अध्यक्ष रहे पांडेय इस वक्त भारी उद्योग मंत्रालय संभाल रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगर कैबिनेट में फेरबदल होता है तो पांडेय की छुट्टी हो सकती है। उनकी जगह ब्राह्मणों को साधने के लिए पार्टी लक्ष्मीकांत वाजपेयी या फिर हरीश द्विवेदी को मौका दे सकती है। आरएसएस बैकग्राउंड से आने वाले लक्ष्मीकांत बाजपेयी मेरठ से कई बार विधायक रहे हैं। साथ ही उनकी गिनती यूपी बीजेपी के अग्रणी नेताओं में होती है। वहीं, पूर्वी यूपी के बड़े ब्राह्मण चेहरों में से एक हरीश द्विवेदी को भी पांडेय के रिप्लेसमेंट के तौर पर देखा जा रहा है।

**दूसरा नाम- जनरल वीके सिंह**

लोकसभा चुनाव से पहले मोदी कैबिनेट से जिन चेहरों की विदाई हो सकती है। उनमें जनरल वीके सिंह का भी नाम चर्चाओं में हैं। गाजियाबाद से सांसद वीके सिंह इस वक्त सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं। उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर बलिया से सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को देखा जा रहा है।




# जे पी की विरासत को बचाने की निर्णायक लड़ाई

चंद दिनों पहले गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली में वरिष्ठ गांधीवादी राजगोपाल जी द्वारा कहा गया एक व्यक्तव आज यथार्थ होता दिख रहा है मौजूदा समय में सामाजिक काम करने वाले लोगों को देशद्रोही घोषित किया जा रहा है। हम सब अपनी जगह ढूंढ रहे हैं कि काम कैसे होगा। उसको तलाशने में लगे हैं निसंदेह ऐसी मानसिकता जिन्हे गांधी के विचारों से परेशानी रही है जब भी मौका मिलता है वो चूकते नही। फिर चाहे वो गांधी के नाम की योजनाएं ,उनकी स्मृतियों को खत्म करने की कोशिश हो। स्वच्छता अभियान से गांधी के चित्र को हटाकर सिर्फ उनके चश्में का प्रयोग हो। खादी ग्रामोद्योग से उनके चित्र को हटाना हो या फिर जलियांवाला बाग और साबरमती आश्रम के प्रेरणा स्थल के स्वरूप को बदलकर पर्यटन स्थल बना देना हो। एक वाक्य में कहा जाए तो गांधी को जड़ से खत्म करने कोशिश। ऐसा ही एक निंदनीय प्रयास बनारस में भी हो रहा है। प्रशासन द्वारा सर्व सेवा संघ एवं गांधी विद्या संस्थान को साजिश के तहत हड़पने और कब्जे की पुरजोर कोशिश की जा रही है। पूर्व में वाराणसी के कमिश्नर द्वारा 15 मई 2023 को जयप्रकाश नारायण जी द्वारा स्थापित गांधी विद्या संस्थान पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया और दिल्ली की संस्था इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र को सौंप दिया गया। इससे पहले 2 दिसंबर 2020 को राजघाट परीसर के नजदीक सर्व सेवा संघ की जमीन पर काशी कॉरिडोर बनाने के नाम पर अवैध तरीके से कब्जा कर सर्व सेवा संघ एवं गांधीवादी संगठनों के वजूद को खत्म करने की कोशिशें की गई। ज्ञात हो कि अडानी ग्रुप के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत काशी स्टेशन को मल्टी मॉडल स्टेशन बनाने की योजना है जिसके लिए सरकार को जमीन चाहिए और इसलिए प्रशासन के माध्यम से सर्व सेवा संघ, वसंता कॉलेज, कृष्णमूर्ति फाउंडेशन और किला कोहना की जमीन को कब्जाने की कवायद जारी है।साठ के दशक में सर्व सेवा संघ ने रेलवे से यह जमीन खरीदी है। इस जमीन की बिक्री राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के सदिच्छा से हुई है। डिविजनल इंजीनियर नॉर्दन रेलवे लखनऊ द्वारा हस्ताक्षरित तीन सेल डीड सर्व सेवा संघ के पास है। रकम सरकार के खजाने में जमा हुई है। तिरसठ साल बाद इस रजिस्ट्री कागज को जाली बताने का मतलब है कि आचार्य विनोबा भावे को जाली बताना। या यूं कहें कि मौजूदा बीजेपी सरकार राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू , पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री और बाबू जगजीवन राम को जाली कागज बनाने वाला बता रही है। गाँधी दर्शन की बुनियाद पर खड़ा अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ सर्वजन हित, समरसता , स्वावलंबी विचार , सत्य और अहिंसा के प्रचार प्रसार को अपना ध्येय बना कर 1948 से काम कर रहा है। बापू की हत्या के बाद 1948 में राजेन्द्र बाबू , नेहरू जी और विनोबा भावे जैसे राष्ट्रनायकों ने गाँधी विचार को लाखों गांवों तक ले जाने के लिए सर्व सेवा संघ की स्थापना की थी। इसका केंद्रीय कार्यालय वर्धा महाराष्ट्र में है। पूरे देश में इसकी अनेक शाखाएं हैं। 1960 में आचार्य विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण के संरक्षण में बनारस में राजघाट पुल के पास इसकी स्थापना हुई थी। ऐसे समय में जब विश्व के ज्यादातर देश यह मान चुके है कि शांति के लिए गांधी ही एक मात्र रास्ता है। बावजूद इसके आगामी पीढ़ी के जहन में महात्मा गांधी की शिक्षा को आत्मसात करने की कोशिश में जुटी बनारस के सर्व सेवा संघ राजघाट के ऐतिहासिक स्थल पर अवैध होने की सूचना देता हुआ ध्वस्तीकरण का एक नोटिस चस्पा कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि कुछ एकड़ो में फैली ये जमीन रेलवे की है जिसपर सर्व सेवा संघ द्वारा जबरन अवैध कब्जा किया गया है। तत्काल स्थान खाली करें अन्यथा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। सोचने की बात है की बनारस में सर्व सेवा संघ बनाने वालों में एक नाम विनोबा भावे का भी है। विनोबा ने भूदान आंदोलन के तहत 48 लाख एकड़ जमीन पूरे देश मे घूम घूमकर दान में इकट्ठा की और गरीब भूमिहीन लोगो मे वितरित किया था। लाखो एकड़ जमीन दान में देने वाले व्यक्ति के ऊपर जमीन कब्जा करने का आरोप लगा रही है मौजूदा बीजेपी सरकार। रेलवे और सर्व सेवा सँघ का आपस मे गहरा नाता रहा है। भारत के हर रेलवे स्टेशन पर सर्वोदय प्रकाशन के बुक स्टॉल हैं। आज भी रेलवे टाइम टेबल के किताबो में कन्सेशन नियम कें पन्ने पर सर्व सेवा संघ के सर्वोदय समाज सम्मेलन के लिए रेल भाड़े में कन्सेशन के नियम लिखे हुए है। हालात यह है कि आज सरकार के दबाव में रेलवे ध्वस्तीकरण की नोटिस चिपका रहा है। कोई संदेह नहीं कि पूंजीपतियों के फायदे को ध्यान मे यह सब किया जा रहा है। अकेले बनारस का उदाहरण देखें तो इसी महीने में ट्रांसपोर्ट नगर नाम से बनारस पश्चिम में मोहनसराय में बैरवन गाँव में जमीन लेने के लिए वाराणसी पुलिस ने किसानों की बर्बर पिटाई की है। न्यायालय का दखल न होता तो बिचारे गरीब ग्रामीण भूमिहीन होकर दर दर की ठोकर खा रहे होते। बनारस पूर्वी किनारे पर रामनगर में जल परिवहन का काम हो रहा है। फ्रेट विलेज के लिए खूब सारी जमीन अधिग्रहित की जा रही है। स्ट्रीट वेंडरों को उजाड़ा जा रहा है। मल्लाहों के पेट पर लात मारकर पूंजीपतियों को मुनाफा देने वाली बड़ी बड़ी क्रूज गंगा में चलाई जा रही हैं।गाँव में किसानो से जमीन ले लेनी है और पूंजीपतियों को दे देनी है। किसान को मजदूर बना देना है और शहर की ओर भगा देना है। फिर शहर में रिक्शा चलाने ट्रॉली खींचने और ठेला गुमटी लगाकर दो निवाले अगर वो खा ले रहा है तो उसे यंहा से भी विस्थापित करना है। इसे ही वर्तमान राजनीती विकास कहती है। और गाँधी इसी अमानवीय विकास के मॉडल के विरुद्ध थे।

# क्या गीता प्रेस गाँधी शांति पुरस्कार के लायक है?

**लेखक - राम पुनियानी**

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने हिन्दू धार्मिक ग्रंथों की प्रकाशक गीता प्रेस को सन 2021 का गाँधी शांति पुरस्कार प्रदान करनी की घोषणा की है. यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं, जिसमें 1 करोड़ रुपये नगद शामिल हैं. पूर्व में यह पुरस्कार जूलियस न्येरेरे (तंज़ानिया), नेल्सन मंडेला (दक्षिण अफ्रीका), शेख मुजीबुर्रहमान (बांग्लादेश) और समर्पित समाजसेवी बाबा आमटे जैसे प्रतिष्टित व्यक्तित्वों को मिल चुका है.

सन 2023 गीता प्रेस का शताब्दी वर्ष है. गीता प्रेस को भारत की ÷आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत÷ को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया था. प्रधानमंत्री मोदी ने जागरूकता फैलाने और शांति को बढ़ावा देने के लिए गीता प्रेस की सराहना की. कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने बहुत मौजूं बात कही. उन्होंने ट्विटर पर लिखा, ÷...अक्षय मुकुल ने 2015 में गीता प्रेस के बारे में एक बहुत अच्छी किताब लिखी थी जिसमें बताया गया है कि महात्मा गाँधी के प्रति गीता प्रेस किस तरह का बैरभाव रखती थी और गांधीजी के राजनैतिक, धार्मिक और सामाजिक एजेंडा पर उसने किस तरह के प्रश्न खड़े किये थे. यह निर्णय हास्यास्पद है और सावरकर या गोडसे को गांधीजी की नाम पर स्थापित पुरस्कार देने के समान है.÷

गीता प्रेस की स्थापना एक सदी पहले हुई थी. उस समय कट्टरपंथी हिन्दू इस बात से परेशान थे कि दलित अपनी समानता और आज़ादी के लिए आवाज़ उठा रहे थे और महिलाएं शिक्षा हासिल कर सार्वजनिक जीवन में उतर रहीं थीं. गीता प्रेस की स्थापना के कुछ समय पहले हिन्दू राष्ट्रवादी संगठन हिन्दू महासभा का गठन हुआ था और उसके कुछ समय बाद आरएसएस अस्तित्व में आया. गीता प्रेस और उसकी पत्रिका 'कल्याण' प्रारंभ में गांधीजी के विरोधी नहीं थे और 'कल्याण' ने गाँधीजी के कुछ लेख भी प्रकाशित किये थे. पूना पैक्ट (1932) के बाद यह सब कुछ बदल गया क्योंकि गांधीजी ने घोषणा की कि वे अछूत प्रथा के उन्मूलन, दलितों के मंदिर प्रवेश और उनके साथ भोजन करने के पक्ष में आन्दोलन और अभियान चलाएंगे.

पूना पैक्ट के पहले गांधीजी के आमरण अनशन ने देश को हिला दिया और हिन्दू समाज, जाति-वर्ण व्यवस्था और अछूत प्रथा की अमानवीयता पर सोचने को मजबूर हो गया. गांधीजी के इस निर्णय के देश पर असर के बारे में अक्षय मुकुल अपनी पुस्तक 'गीता प्रेस एंड द मेकिंग ऑफ़ हिन्दू इंडिया', जो कि गीता प्रेस पर लिखी गयी सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों में से एक है, में लिखते हैं÷ ÷पद्मजा नायडू ने इसे 'कैथार्सिस (दमित भावनाओं से मुक्ति)' बताया और कहा कि इससे हिन्दू धर्म 'सदियों से जमा हो रही बुराईयों से मुक्त हो सकेगा' वहीं रबीन्द्रनाथ टैगोर, जो गांधीजी के उपवास का समाचार सुन दौड़े-दौड़े उनसे मिलने आये, ने उसे 'अद्भुत' की संज्ञा दी.÷

इसके बाद से गीता प्रेस और उसके संस्थापकों, हनुमान प्रसाद पोद्दार और जयदयाल गोयनका के असली एजेंडा का खुलासा होना शुरू हो गया. उन्होंने दलितों के मंदिर प्रवेश और सहभोज के पक्ष में गांधीजी के आन्दोलन की निंदा की. कल्याण के एक बाद एक अंकों में जाति-वर्ण व्यवस्था के मूल्यों की गांधीजी की खिलाफत की कटु शब्दों में आलोचना की गयी. कल्याण ने खुल्लमखुल्ला लिखा कि दलितों का मंदिरों में प्रवेश और विभिन्न जातियों के लोगों के साथ भोजन करने को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए. कल्याण और गीता प्रेस के संस्थापकों का मानना था कि हिन्दू धर्मग्रन्थ सर्वोच्च हैं और गांधीजी का आन्दोलन उन ग्रंथों के खिलाफ है.

गीता प्रेस ने अपनी पत्रिकाओं और अन्य प्रकाशनों के साथ-साथ गीता, रामायण, भागवत एवं विष्णुपुराण की प्रतियाँ भी आम लोगों को अत्यंत कम कीमत पर बेचना शुरू किया. उसने विदेशों में रहने वाले भारतीयों को भी अपने प्रकाशन उपलब्ध करवाने शुरू किये. उसने अंग्रेजी सहित कई भाषाओँ में अपनी पुस्तकें छापनी शुरू की.

गीता प्रेस महिलाओं की समानता के भी खिलाफ थी. इस विषय पर गीता प्रेस की कई किताबें उपलब्ध हैं. इनमें से कुछ हैं हनुमान प्रसाद पोद्दार की 'नारी शिक्षा', स्वामी रामसुखदास द्वारा लिखित 'गृहस्थ में कैसे रहें' और गोयनका रचित 'स्त्रियों के लिए कर्त्तव्य शिक्षा' और 'नारी धर्म'. इनके अलावा, कल्याण ने महिलाओं पर विशेष अंक भी निकाले . इन पुस्तकों की लाखों प्रतियां बिक चुकीं हैं. कुल मिलकर, इन किताबों की शिक्षाएं भारत के संविधान के मूल्यों के खिलाफ हैं.

स्वामी रामसुखदास कहते हैं कि पतियों द्वारा पत्नियों की पिटाई जायज़ हैं क्योंकि इससे उन स्त्रियों को अपने पिछले जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है. स्वामीजी एक बलात्कार पीड़ित स्त्री और उसके पति को यह सलाह देते हैं÷ ÷जहाँ तक संभव हो उसके (बलात्कार पीड़िता) के लिए चुप रहना की श्रेयस्कर है. अगर उसके पति को यह बात पता चल जाती है तो उसे भी चुप रहना चाहिए. दोनों के लिए चुप रहना ही फायदेमंद होगा.÷ वे महिलाओं के पुनर्विवाह के भी खिलाफ हैं, ÷एक बार उसके माता-पिता द्वारा लड़की तो विवाह में दान कर दिया जाता है, उसके बाद वह कुमारी नहीं रहती है. ऐसे में भला उसे किसी और को कैसे दान किया जा सकता है? उसका पुनर्विवाह करना पाशविकता होगी.÷

जून 1948 में कल्याण ने लिखा÷ ÷अविवाहित महिलाओं की भरमार, असंख्य गर्भपात, तलाक की बढ़ती दर, अपने सम्मान और शुचिता की चिंता न करते हुए महिलाओं का होटलों और दुकानों में काम करना ङ्क ये सब चीख-चीख कर हमें बतला रहे हैं कि पश्चिमी सभ्यता, महिलाओं के लिए अभिशाप है.÷ कल्याण हमें यह भी बताता है कि, ÷ऋषि-मुनियों ने घर और समाज में महिलाओं के बारे में जो व्यवस्था निर्मित की है, वह उनके ज्ञान से संपन्न है.÷

हिन्दू कोड बिल का मसविदा तैयार करने का काम शुरू होते ही, गीता प्रेस के प्रकाशनों और उसके संस्थापकों ने उसका कड़ा विरोध करना शुरू कर दिया. उनका कहना था कि को प्रावधान इसमें प्रस्तावित हैं वे शास्त्रों और भारतीय संस्कृति के खिलाफ हैं.÷ तत्कालीन विधि मंत्री बी.आर. अम्बेडकर उस समय गीता प्रेस के निशाने पर थे. इसके पहले से ही, कल्याण अम्बेडकर की खिलाफत करता आ रहा था. वह उनकी मांग के सख्त खिलाफ था कि अछूतों को समानता मिलनी चाहिए. हिन्दू कोड बिल के विषय पर कल्याण में प्रकाशित लेख में अम्बेडकर के बारे में अत्यंत अपमानजनक और जातिवादी टिप्पणियां की गई हैं.

÷अब तक तो हिन्दू जनता उनकी बातों को गंभीरता से ले रही थी. परन्तु अब यह साफ़ है कि अम्बेडकर द्वारा प्रस्तावित हिन्दू कोड बिल, हिन्दू धर्म को नष्ट करने के उनके षड़यंत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है. अगर उनके जैसा व्यक्ति देश का विधिमंत्री बना रहता है तो हिन्दुओं के लिए यह घोर अपमान और शर्म की बात होगी और यह हिंदू धर्म पर एक धब्बा होगा.गीता प्रेस के संस्थापकों को महात्मा गांधी की हत्या में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार भी किया गया था. उस समय घनश्यामदास बिरला, जो महात्मा गांधी के बहुत नजदीक थे, ने कहा था कि जहां गांधीजी सनातन हिन्दू धर्म का आचरण कर रहे हैं वहीं गीता प्रेस के संस्थापक शैतानी हिन्दू धर्म के पैरोकार हैं.

बाबरी मस्जिद में रामलला की मूर्तियों को स्थापित करने के षड़यंत्र में भी गीता प्रेस शामिल थी. इसके अलावा यह संस्था गौरक्षा एवं राम मंदिर आंदोलनों में भी सक्रिय रही है और यह समय-समय पर लोगों को भाजपा को वोट देने की सलाह भी देती रहती है.

कुल मिलाकर कट्टरपंथी हिन्दू मूल्य या दूसरे शब्दों में ब्राम्हणवादी मूल्यों को गीता प्रेस बढ़ावा देती रही है और हिन्दू धर्म के संकीर्ण संस्करण को प्रचारित करती रही है. गांधीजी का हिन्दू धर्म मानवीय और समावेशी था और वे धर्म के मानवीय पहलू पर जोर देते थे. इसके विपरीत गीता प्रेस अपनी असंख्य पुस्तकों और अपनी पत्रिका ''कल्याण' के जरिए गांधीजी के हिन्दू धर्म, उनकी राजनीति और साम्प्रदायिक सद्भाव पर उनके जोर की विरोधी रही है. हम एक ऐसे काल में जी रहे हैं जब गांधीजी के नाम पर ही उनके मूल्यों और सिद्धांतों की बलि चढ़ाई जा रही है. अब समय आ गया है कि हम सद्भावना और जातिगत व लैंगिक समानता के मूल्यों पर आधारित अपनी राष्ट्रीय संस्कृति को पुनर्स्थापित करें.

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं)

# शिव स्तुति का महान पर्व कांवड़ यात्रा!

**लेखक -डॉ. श्री गोपाल नारसन**

भगवान शिव की स्तुति का श्रावण मास में विशेष महत्व है।हिंदू धर्म मे आस्था रखने वाले लोगो के लिए श्रावण मास बहुत ही पावन व भक्तिमय है।हर साल श्रावण मास में करोड़ो की तादाद में कांवडिये सुदूर स्थानों से हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री आकर गंगा जल से भरी कांवड़ लेकर पदयात्रा करके अपने गांव कस्बे व शहर के शिवालयों की तरफ वापस लौटते हैं ,इस यात्राको कांवड़ यात्रा कहा जाता है। श्रावण की चतुर्दशी के दिन गंगा जल से अपने निवास के आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है। कहने को तो ये धार्मिक आयोजन भर है, लेकिन इसके सामाजिक सरोकार भी हैं। कांवड के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रचियता शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ साथ पेड पौधों, पशु - पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारो लाखों तरह के कीडे-मकोडों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक है। भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है। गंगा के जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त कांवड़ में में बड़ी संख्या में नजर आते है ।यह कांवड़ यात्रा हरिद्वार हर की पैड़ी से शुरू होकर गंगनहर के समानांतर कांवड़ मार्ग पर चलते हुए आस्था की धारा के रूप में आगे बढ़ती है । इस यात्रा में जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत उनकी सेवा के लिए लगाए गए शिविरों में होता है।भारतीय लोगों के लिए कांवड़ शब्द बिल्कुल अनसुना नहीं है। कभी श्रवण कुमार ने अपने माता पिता को कांवड़ में बैठा कर ही तीर्थ यात्रा कराई थी।श्रावण प्रारंभ होते ही केसरी रंग के कपड़ों में कावड़िए अपने कंधे पर कांवड़ लटकाए, पहले उसमें गंगाजल भरकर लाते हैं और अपनी मन्नत के अनुसार किसी विशेष शिव मंदिर में उस गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं।गंगाजल लाने और उससे शिवलिंग का अभिषेक करवाने तक का यह पूरा सफर पैदल और नंगे पांव किया जाता है। किंतु कुछ कावड़िये अपने वाहनों से भी यह यात्रा पूरी करते है।कावड़ियों के लिए निश्चित तौर पर यह काम बहुत हिम्मत का है। लेकिन शिव भक्ति के सामने कोई भी मुश्किल कहां रहती है।भले ही कावड़ियों के पैरों में छाले ही क्यो न पड़ जाए। शिव भक्त फिर भी हार नही मानते हैं। ऐसा माना जाता है शिव का जलाभिषेक करने से शिव प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों की हर मनोकामना को पूरा करते हैं।श्रावण के महीने को शिव माह भी कहा जाता है, क्योंकि ये वो महीना होता है जब सारे देवता शयन करते हैं और शिव सक्रिय और जाग्रत रहकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। हालांकि कावड़ यात्रा बड़ी मुश्किल है, लेकिन इस दौरान कावड़ियों को धार्मिक मान्यताओं व सरकार द्वारा बनाए गए कुछ नियमों का पालन भी करना पड़ता है जो अत्यंत आवश्यक होता है।इन मुख्य नियमो में,कावड़ यात्रा शुरू करते ही कावड़ियों के लिए किसी भी प्रकार का नशा करना वर्जित होता है। यात्रा पूरी होने तक उस व्यक्ति को मांस, मदिरा और तामसिक भोजन से परहेज करना होता है।बिना स्नान किए कावड़ को हाथ नहीं लगा सकते,इसलिए स्नान करने के बाद ही कावड़िए अपने कावड़ को छू सकते है। चमड़े से बनी किसी वस्तु का स्पर्श वर्जित माना गया है।पैदल कावड़िये वाहन का प्रयोग नही करते। चारपाई का उपयोग भी कांवड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों के लिए वर्जित है। इसके अलावा किसी वृक्ष या पौधे के नीचे कावड़ को रखना भी वर्जित माना गया है।कावड़ ले जाने के पूरे रास्ते भर बोल बम और जय शिव-शंकर का उच्चारण करना फलदायी होता है। कावड़ को अपने सिर के ऊपर से लेकर जाना भी वर्जित माना गया है। इन सभी नियमों का पालन करना आवश्यक है और इसके लिए कावड़ियों की संकल्पशक्ति की मजबूती अनिवार्य है,तभी वे इस कठिन किंतु रौमांचक कांवड़ यात्रा का हिस्सा बन सकते है। जिस कावंड में गंगाजल भरकर शिवालय में ले जाया जाता है। उस कावंड को बनाने वाले हिन्दू ही नही मुस्लमान भी है। ज्वालापुर,सराय निवासी इस्लाम ,युनुस व रफीक का परिवार साल भर की रोजी रोटी इसी कावंड को तैयार कर उसे साधको को बेचकर प्राप्त करता है। इतना ही नही कई मुस्लमान हिन्दूओं के इस कावंड मेले में कावंड सहायता शिविर लगाकर धार्मिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का सन्देश भी देते है। कावंड मेले को बदरंग करते हुए कुछ कांवडिये भांग का सेवन करते है तो चरस गांजे का अवैध व्यापार भी कावंड मेले की आड में खूब फलता फूलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शिव की भक्ति आषाड मास के बीस दिन बीतने के बाद से ही श्रावण मास पूरा होने तक 40 दिन के लिए किये जाने की परम्परा है। भगवान शिव ही एक मात्र ऐसे परमात्मा है जिनकी देवचिन्ह के रूप में शिवलिगं की स्थापना कर पूजा की जाती है। लिगं शब्द का साधारण अर्थ चिन्ह अथवा लक्षण है। चूंकि भगवान शिव ध्यानमूर्ति के रूप में विराजमान ज्यादा होते है इसलिए प्रतीक रूप में अर्थात ध्यानमूर्ति के रूप शिवलिगं की पूजा की जाती है। पुराणों में लयनाल्तिमुच्चते अर्थात लय या प्रलय से लिगं की उत्पत्ति होना बताया गया है। जिनके प्रणेता भगवान शिव है। यही कारण है कि भगवान शिव को प्राय शिवलिगं के रूप अन्य सभी देवी देवताओं को मूर्ति रूप पूजा की जाती है। शिव स्तुति एक साधारण प्रक्रिया है। ओम नमः शिवाय का साधारण उच्चारण उसे आत्मसात कर लेने का नाम ही शिव अराधना है। श्रावण मास में शिव स्तुति मनोकामना पूर्ण करने वाली होती है। ऋग्वेद,यजुर्वेद व अर्थवेद में भगवान शिव को ईश, ईशान, रूद्र, ईश्वर, कपर्दी ,नीलकण्ठ,सर्वज्ञ,सर्वशक्तिमान,भोलेशं कर नामों से जाना जाता है।गरूड पुराण में शिवलिगं निर्माण के विधान का उल्लेख किया गया है।




एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं। राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

**आज का सुविचार**

जब तक तुम स्वयं पर विश्वाश नहीं करते, परमात्मा में विश्वास कर ही नहीं सकते।

- विवेकानंद

यदि हम समाधान का हिस्सा नहीं हैं तो इसका मतलब यही है की हम खुद समस्या हैं।

- कहावत

# देश का राष्ट्रत्व हिन्दू हैं : श्यमाप्रसाद मुखर्जी

**लेखक -हेमेन्द्र क्षीरसागर**

(6 जुलाई डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती विशेषालेख) डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे महान देशभक्त थे जिन्होंने राष्ट्र की एकता और अखण्डता की बलिवेदी पर अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया। वह एक साथ ही शि?क्षाविद्, लेखक, सासंद, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी कट्टर देशभक्त थे। इन्होंने विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की और शीध्र ही एक प्रख्यात शि?क्षाविद् और प्रशासक के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। उनकी इस उपलब्धि को मान्यता उस समय प्राप्त हुई जब 1934 में कलकत्ता विश्विद्यालय के कुलपति नियुक्त होने वालों में वह सबसे कम आयु के थे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के निर्माताओं में से थे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। वे उन नेताओं में से थे, जो खुद आगे आकर जोखिम झेलते हैं। उनके लिए भारत प्रथम था और भारत की अखण्डता और वैभव ही प्रमुख लक्ष्य।

जान दे दी, पर कश्मीर जाने नहीं दिया। मंत्रीमंडल को ठोकर मार दी, लेकिन सिंद्धातों से समझौता नहीं किया। 'हॉ, मैं हिन्दू हूँ इस देश का राष्ट्रत्व हिन्दू हैं' यह अटल सत्य हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि हिन्दू किसी दूसरे मजहब या उपासना पद्धति के विरूद्ध हैं। ऐसा होता तो इतिहास ही कुछ और होता। कश्मीर हर हिन्दुस्तानी का हैं। हर दिल में कश्मीर के लिए दर्द उठना चाहिए जो हनीफुद्दीन और अजय आहूजा के दिलों में उठा। डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन और अपने बलिदान, दोनों से ही इस देश को प्राण दिए। उनके लिए भारतीय होने का अर्थ राजनीति के कपट जाल में फॅसना नहीं, वरन् उस कपट जाल को तोडना था। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि आज जो पंजाब और बंगाल का हिस्सा भारत में दिखता हैं, उसके पीछे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखजी का जुझारूपन और आंदोलन मुख्य कारण रहे हैं। डॉ. मुखर्जी के वह शब्द इतिहास में प्रसिद्ध हैं, जब उन्होंने कहा था, ' कांग्रेस ने हिन्दुस्तान का बॅटवारा किया और मैंने पाकिस्तान का।' इस देश का दुर्भाग्य रहा कि स्वतंत्र, किन्तु खंडित भारत की कमान उस व्यक्ति के हाथों में सौंपी गई, जिसे भारतीयता किवां हिन्दुत्व से चिढ थी और स्वयं को देश का अंतिम ब्रिटिश शासक कहलाने में गर्व का अनुभव करता था। श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देखा कि विभाजन की भीषण त्रासदी झेलकर जो हिन्दु भारत पहुॅच रहे हैं और जो पाकिस्तान में रह गए हैं, उनके प्रति पंडित नेहरू बेहद उपेक्षपूर्ण और बहुत हदतक निर्मम नीति अपना रहे हैं। इस बिन्दु पर सरदार पटेल और पं. नेहरू में गम्भीर मतभेद पैदा हो गए थे। सरदार पटेल तो यहॉ तक चाहते थे कि पूर्वी पाकिस्तान से कुछ जमीन ले लेनी चाहिए। भले ही इसके लिए सशस्त्र पुलिस कार्यवाही ही क्यों न करनी पडे पं. नेहरू ने लियाकत अली से समझौताकर हिन्दुओं के भविष्य को पूरी तरह पाकिस्तानी दरिन्दों के हाथों में छोड दिया। यह देखकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आगबबूला हो उठे और उन्होंने उद्योग तथा आपूर्ति मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया। अपना त्यागपत्र देते समय उन्होंने इसके पीछे के कारणों का विस्तार से उल्लेख किया जो आज भी ऐतिहासिक तथा प्रेरणप्रद एक दस्तावेज के रूप में माना जाता हैं। मंत्रीमण्डल से त्यागपत्र देने के बाद डॉ. मुखर्जी ने संसद में प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का निश्चय किया। लेकिन वह जल्दी ही समझ गए कि प्रतिपक्ष की प्रभावी भूमिका निभाने के लिए संगठित पार्टी बनाना जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से वह प्रतिपक्ष के राजनीतिक मंच के गठन की संभावनाओं को तलाशने की ओर अग्रसर हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी किसी सशक्त व्यक्तित्व के नेतृत्व में राजनीतिक दल प्रारंभ किए जाने की जरूरत महसूस कर रहा था। डॉ. मुखर्जी और स्वयंसेवक संघ दोनों ही जिस बात की आवश्यकता अनुभव कर रहे थे। वह समान थी और इसी में से अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ जिसके संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुखर्जी थे। डॉ. मुखर्जी को अपने जीवन में बडी चुनौती का समना दो वर्ष बाद 1953 में करना पडा।




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमेंतिथि तीज गुरुवासरे, घनिष्ठ नक्षत्र, प्रीत योगे, विवकरणे, कुंभ की चंद्रमा, भद्रा 06/30 तक पंचक प्रारंभ, 13/40 चर्तुथी व्रत, चंद्रोदय 12/10 कुंभ तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्योगपति, धनी-मानी, शासकीय कर्मचारी, बैंक कैशियर, लेखापाल, धार्मिक प्रवृत्ति का होगा।

**मेष राशि** - कार्य कुशलता एवं समृद्धि के फलप्रद योग बनेंगे, रुके कार्य बनने से हर्ष होगा, समय का ध्यान रखें।

**वृष राशि** - कार्य तत्परता से लाभ एवं इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य ही होगा, समय स्थिति का लाभ लें।

**मिथुन राशि** - व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि, कार्य कुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बन जायेंगे।

**कर्क राशि** - सोच-समझकर निर्णय लें अन्यथा कुछ विभ्रम व विकार की स्थिति बनेगी, धैर्य रखें।

**सिंह राशि** - समय की अनुकूलता से विशेष लाभ होगा, कार्य वृद्धि होगी, लेन-देन के कार्य मध्यम रहेंगे।

**कन्या राशि** - मानसिक विभ्रम, किसी आरोप में फंस सकते हैं, रुके कार्य बन ही जायेंगे ध्यान दें।

**तुला राशि** - भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे तथा कार्य संतोष होगा।

**वृश्चिक राशि** - कार्य कुशलता से संतोष होगा, योजनायें फलीभूत अवश्य होंगी ध्यान दें।

**धनु राशि** - आरोप व क्लेश से असमंजस की स्थिति रहेगी, आशानुकूल लाभ एवं सफलता से हर्ष होगा।

**मकर राशि** - तनावपूर्ण वातावरण रहेगा, धन लाभ, सफलता से हर्ष का वातावरण रहेगा।

**कुंभ राशि** - इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, स्त्री शरीर कष्ट, चिन्ता व असमंजस की स्थिति से कष्ट होगा।

**मीन राशि**- इष्ट मित्र सहायक रहेगा, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता आयेगी, समय को ध्यान में रखकर कार्य करें।

# आज का इतिहास

- 1253 लिथुआनिया के पहले जाने-माने ग्रैंड ड्यूक मिंगुगास, लिथुआनिया के राजा थे, जो उस खिताब को धारण करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे।
- 1411 मिंग राजवंश एडमिरल झेंग वह हिसकंड यात्रा के बाद नानजिंग लौट आए और सिंहल राजा को प्रस्तुत किया, जो कि यिंगल सम्राट को मिंग-कोट युद्ध के दौरान पकड़ लिया गया।
- 1483 हाउस ऑफ यॉर्क के अंतिम राजा और प्लांटगेनेट वंश के अंतिम, रिचर्ड को इंग्लैंड के राजा का ताज पहनाया गया था।
- 1483 रिचर्ड इंग्लैंड के राजा बने।
- 1560 स्कॉटलैंड और इंग्लैंड ने एडिनबर्ग की संधि पर लीथ की घेराबंदी की औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए और स्कॉटिश-फ्रांसीसी औल्डअलायंस की जगह ली।
- 1614 ओटोमन साम्राज्य ने आइलैंडोफ़ माल्टा को जीतने के लिए एक अंतिम प्रयास किया, लेकिन नाइट्स होस्पिटैलर द्वारा वापस पीटा गया।
- 1770 सेस्मे की लड़ाई- रूसी बेड़े ने तुर्की सेना को हराया।
- 1777 फोर्ट ट्रिकेनडरोगेन न्यू यॉर्क में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-अमेरिकी सैनिकों ने अग्रिम ब्रिटिश सेनाओं से पीछे हट गए, क्योंकि अमेरिकी जनता में अनूपार को व्यापक रूप से अभेद्य माना जाता था।
- 1785 संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए पैसा के रूप में डॉलर को सर्वसम्मति से चुना गया।
- 1809 नेपोलियन की फ्रांसीसी ताकतों ने युद्ध के युद्ध के पांचवें गठबंधन के निर्णायक टकराव में आर्गडुक चार्ल्स के ऑस्ट्रनार्ममी को वग्राम की लड़ाई में हराया।
- 1849 फेडरिकिया की लड़ाई- डेनिश सेना ने फेडरिकिया, जटलैंड में प्रशिया सेना को धराशायी किया

## अज्ञात कारणों के चलते 18 वर्षीय किशोरी फांसी के फंदे पर झूली

जसवंतनगर(इटावा)। अज्ञात कारणों के चलते नगला खुशहाली गांव में बुधवार दोपहर एक 18 वर्षीय किशोरी ने सीलिंग पंखे के कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतिका अपने बाबा दादी के पास रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही थी। मृतिका किशोरी मोहिनी पुत्री स्व.दिनेश बाबू जाटव घर में अकेली थी। उसके पिता कुछ समय पहले स्वर्गवासी हो गए। मां हीरावती आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के रूप में तैनात है और भरथना में रहती है। अपने बाबा जगदीश कुमार के यहां रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही थी। घर के बरामदे में लटके पंखे के कुंडे से लटककर उसने दोपहर 1 बजे के करीब फांसी लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बाबा जगदीश कुमार की सूचना के आधार पर पुलिस उप निरीक्षक मनोज धामा ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## चौ सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज का छात्र देवेश 'जी-पैट' परीक्षा में सफल



जसवंतनगर(इटावा)।राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित जीपैट यानिफार्मेसी में पसनातक कक्षों में प्रवेश की परीक्षा में क्वालीफाई करके चौ सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के छात्र देवेश कुमार ने कॉलेज और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। कॉलेज के निदेशक डॉ राकेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया की कॉलेज के चतुर्थ वर्ष के छात्र देवेश कुमार ने जीपैट की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करके कॉलेज के कीर्तिमानों में एक नए पन्ने को जोड़ दिया। जी पैट की परीक्षा फार्मेसी में परास्नातक में प्रवेश के लिए होती है, जिसमें सफल होने पर न सिर्फ उच्च संस्थानों में प्रवेश होता है, बल्कि शासन द्वारा विशेष स्कॉलरशिप भी दी जाती है। छात्र की इस सफलता को सम्पूर्ण कॉलेज ने गर्व के साथ देखा और जश्न के साथ मनाया क्योंकि इस परीक्षा में चयनित होने के लिए छात्र जी तोड़ मेहनत करते हैं लेकिन उनकी सफलता कई बार रह जाती है। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने कॉलेज का नाम रोशन करने पर छात्र को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी और शुभकामनाएं दी। अनुज यादव ने कहा कि आज का यह पल पूरी तरह से छात्र की मेहनत और कॉलेज के स्टाफ की मेहनत है जो छात्र/ छात्राओं के साथ लगातार मेहनत करके और उन्हें सही दिशा निर्देशन देकर इस तरह के एग्जाम के लिए तैयार करते है और उनकी सफलता की गारंटी को बढ़ाते है।उन्होंने समस्त फार्मेसी स्टाफ को इस मौके पर बधाई दी। इस मौके पर प्राचार्य प्रदीप कुमार सहित अन्य स्टाफ भी रहा।

## दबंगों से कब्जा मुक्त कराने की मांग

बकेवर, इटावा! महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम इन्द्रपुर के ग्रामीणों ने गांव के ही दबंगों पर गोबर खाद के गड्ढों पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से खाद के गड्ढों को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत इन्द्रापुर के ग्रामीण संतोष कुमार, अनिल कुमार सहित तकरीबन एक दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके गाँव में गोबर खाद के गडडो वाली जगह पर गाँव के कुछ दवंग लोग कब्जा किये है इस कारण ग्रामीणों को सड़क किनारे गोबर कूड़ा डालना पड़ता है जिसके चलते गाँव में गन्दगी फैलती है और बीमारियों को बढ़ावा मिलता है अगर खाद के गडडों वाली जगह कब्जा मुक्त हो जाये तो वह लोग गोबर कूड़ा उसी स्थान पर डालें तो गाँव में साफ़ सफाई रहेगी और गन्दगी से फैलने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रभा मिश्रा से बात की गई तो उन्हौने बताया कि गोबर खाद के गडडों वाली जगह पर कब्जा तो है और उन्होंने भी कई बार ब्लॉक और तहसील प्रशासन को अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुयी ग्रामीणों ने उक्त जगह को कब्जा मुक्त कराने की गुहार शासन व प्रशासन से की है!

## बैच 1 सितम्बर से प्रारंभ

इटावा! जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि %इंडियन रेलवे फाइनेन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा प्रायोजित एवं कन्स्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउन्सिल (योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा स्थापित) द्वारा रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्वांचल एकडेमी, मानस विहार कालोनी, गोरखपुर मे निःशुल्क संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अवधि तीन माह की होगी एवं बैच प्रारंभ की तिथि 1 सितंबर 2023 है। उक्त प्रशिक्षण मे 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग एवं इन्टरमीडिएट व स्नातक योग्यता के अभ्यर्थी विभिन्न विधाओ मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय इटावा मे संपर्क करे।

## मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण

इटावा! जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडे द्वारा इटावा जनपद के वैदपुरा स्थित राशि मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान फर्म प्रोपराइटर द्वारा औषधियों के विक्रय हेतु विक्रय अभिलेख जारी नहीं कर रहे थे7 साथ ही फर्म पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाया गया एवं 10 औषधियों की क्रय बिन मांगे गए हैं7 इसी क्रम में औषधि निरीक्षक द्वारा बकेवर स्थित जनता मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया7 निरीक्षण के दौरान फर्म प्रोपराइटर द्वारा विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था7 कालातीत औषधि एवं पशु चिकित्सा प्रयोग औषधि को रखने हेतु अलग जगह लेबल लगाकर निर्धारित नहीं किया गया था7 दोनों ही फर्म को 7 दिनों के अंदर सभी कमियों का निस्तारण कर अभिलेख प्रस्तुत करने की हेतु आदेश दिया गया है7 साथ ही दोनों फर्मो को कारण बताओ नोटिस स्पष्टीकरण हेतु प्रस्तुत किया जायेगा!

## मण्डल अध्यक्ष ने भाई, भाभी को पीटा

**इटावा। बसरेहर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने दिखाई दबंगई! अपने बड़े अरविंद भाई, भाभी मिथलेश, भतीजे गौरव और भतीजी निशा को लाठियो से पीटा! बड़े भाई भाभी और भतीजे ने रो-रोकर के सुनाई भाजपा नेता की दबंगई की दास्तान!भाई के दो दांत और एक उंगली टूटी,भाभी को नाक से खून का हो रहा है रिसाव, सीने में भी आई है बहुत चोट! बसरेहर इलाके के सिरसा गांव का शाम 6 बजे का है वाक्या! रिश्तेदारो के बीच चल रही थी पंचायत इसी बीच नरेंद्र, राजीव ओर परिवार के कई अन्य जनों ने मिलकर किया हमला! भाजपा नेता नरेंद्र उपाध्याय सत्ता के प्रभाव में अपने बड़े भाई अरविंद उपाध्याय को घर से करना चाहते हैं बेदखल! अरविंद उपाध्याय के नाम तीन साल पहले खरीदे गए ट्रेक्टर फार्मट्रेक 45 को भी अपने कब्जे में किया। सत्ता के चलते भाई भाभी और भतीजा पिटी कुटी हालत में पहुंचे है एसएसपी आवास!**

# सत्य पथ पर चलने वालों को होती है, भगवत-प्राप्ति - हरे कृष्ण शास्त्री

### बीएसजी फार्म में मद भागवत कथा का आयोजन



जसवंतनगर (इटावा)। यह पृथ्वी सत्य की शक्ति पर टिकी हुई है। सत्य बोलने वालों को जीवन में कष्ट भले ही आएं ,मगर अंत में उनकी भगवान न केवल रक्षा करते हैं , बल्कि सत्य बोलने वालों को अवश्य ही भगवान की प्राप्ति होती है। यह बात सुप्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ हरे कृष्ण शास्त्री %शरद% जी महाराज वृंदावन वालों ने यहां बीएसजी फार्म में चल रही भागवत कथा के अपने प्रवचनो में कही है।। श्रीमद् भागवत महात्म्य पर चर्चा करते उन्होंने बताया कि सत्य पथानुगामी दुष्कर जीवन का सामना भले ही करें, मगर ईश्वर की प्राप्ति उन्हें निस्कंटक होती है। बताया कि भगवान राम और सीता ने जीवन भर बहुत से संकटों और परीक्षाओं का सामना किया, मगर वह सत्य पथ पर चलते रहे, इसीलिए जग विजई रावण पर उन्हें विजय प्राप्त हुई। सत्य के पथ पर चलकर ही भगवान कृष्ण ने कंस का वध और कौरवों का सर्वनाश किया था।

शरद जी ने कहा कि राम राम सत्य का महत्व हमारे जीवन में अंत समय तक रहता है, जब हम अंतिम यात्रा पर निकलते हैं, तब हर किसी के मुंह से राम राम सत्य के स्वर निकलकर हम जीवित प्राणियों को संदेश देते है कि इस जीवन में हम सत्य को अपनाएं और इसी के बल पर भगवान द्वारा प्रदान किया गया अमूल जीवन को जिए। हरे कृष्ण शास्त्री वृंदावन के देश भर में प्रसिद्ध सरस भागवत कथावाचक हैं। उनकी भागवत कथा का आयोजन यहां नगर में संतोष कुमार, सचिन कुमार गुप्ता बर्तन वालों ने कराया है। कथा के पहले दिन महाराज जी ने कहा कि भागवत कथा हमारा ईश्वर से साक्षात मिलन कराती है। वह लोग धन्य हैं ,जो कथा का आयोजन करते हैं तथा वह भी धन्य होते हैं ,जो नियमित रूप से आयोजित कथा के प्रवचन सुनने पहुंचते हैं।

भागवत कथा में 5 जून को शुकदेव पूजन, विदुर चरित्र, 6 जुलाई को ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र, 7 जुलाई को बालि वामन प्रसंग, राम जन्म, कृष्ण जन्मोतव, 8 जुलाई को गिर्राज उत्सव, छप्पन भोग, 9 जुलाई को महारास उद्धव गोपी संवाद ,रुक्मणी विवाह तथा अंतिम दिन 10 जुलाई को सुदामा चरित्र नव योगेश्वर संवाद शुक देव जी की विदाई ,हवन एवं पूर्णाहुति होगी। महाप्रसाद 10 जुलाई को शाम 4ः00 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। भागवत कथा में संतोष गुप्ता, सरला गुप्ता, परीक्षत हैं। सचिन गुप्तालक्ष्मी गुप्ता यजमान हैं।प्रमोद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुबोध गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, उन्नति गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अनूप गुप्ता, राजीव गुप्ता, संजय गुप्ता ,मनोज गुप्ता, आलोक गांगलस, संदीप गांगलस, लविन गुप्ता, रोबिन ,आशीष के अलावा नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्यवस्था में जुटे हैं।

## शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की ऋतु चौहान जिलाध्यक्ष व अर्चना बाजपेई महामंत्री बनी 7




**इटावा ( घनश्याम शर्मा )** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की ओर से मण्डल स्तरीय बैठक का आयोजन इटावा के होटल अतिथि फूड विलेज़ में किया गया,जिसमे जिला इटावा की टीम का गठन किया गया 7जिसमें शिक्षिका ऋतु चौहान को जिलाध्यक्ष, अर्चना बाजपेई को महामंत्री पर नियुक्त किया गया अर्चना चौधरी उपाध्यक्ष, नीतू पुरवार कोषाध्यक्ष, प्रियंका गुप्ता संयुक्त मंत्री, प्रियंका सेंगर संगठन मंत्री पूजा पुरवार ,ऋषभ त्रिवेदी, संगीता जैन को सदस्य पद के लिए मनोनीत किया गया।शिक्षक- शिक्षिकाओं ने अपने नवाचारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा किये जा रहे कार्य अति सराहनीय है।जिलाध्यक्ष ऋतु चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गयी है, मै उसका पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करते हुए शैक्षिक नवाचारों के आदान प्रदान का पूरा प्रयास करूँगी।अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि शीघ्र ही राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष स्वीटी मथुरिया, अर्चना सागर मंडल उपाध्यक्ष राजनाथ सिंह ,मंडलीय संयुक्त मंत्री संजीव कुमार यादव उपस्थित रहे 7

# सरकारी जमीन को अपना प्लाट बताते थे जगह सरकारी निकल आई जिसके बाद जमीन पर नाली का निर्माण शुरू करा दिया

**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** हजारी महादेव मंदिर के लिए जाने वाले रास्ते पर बन रही नाली के निर्माण को एक प्लाट के मालिक ने अपनी जमीन बताकर काम रोक दिया काम रूकने के बाद प्रशासन मौके पर पहुचा तो जगह की नाप की गई प्रशासन ने जब जगह की नाप की तो प्लाट की जमीन सरकारी निकल आई जिसके बाद जमीन पर नाली का निर्माण शुरू करा दिया गया है प्रशासन ने प्लाट पर ऊसर बंजर की जमीन होने का एक बोर्ड भी लगा दिया है अब प्लाट मालिक अपनी जमीन से भी हाथ धो बैठा है सावन के माह मे हजारी महादेव मंदिर पर भक्तो की भारी भीड उमडेगी तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने उपजिलाधिकारी ताखा देवेन्द्र कुमार के साथ निरीक्षण किया तो सरसईनावर गांव से मंदिर जाने वाले रास्ते के खराब होने की शिकायत मेला कमेटी के अध्यक्ष पंचम सिंह ने की थी उसी समय जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर नाली का निर्माण कराने एंव सडक को दुरस्त कराने के निर्देश दिए थे खाली जमीन पर पडे एक प्लाट के मालिक तिलक सिंह शाक्य को भी जिलाधिकारी ने अपनी जमीन पर भराव करने के निर्देश दिए थे जिलाधिकारी के निर्देश के बाद ग्राम प्रधान गंगाराम बाल्मीकि ने अगले दिन नालियों का निर्माण शुरू किया तो तिलक सिंह ने काम रोक दिया तिलक सिंह का तर्क था कि प्लाट की जमीन पर नाली बनाई जा रही है इसलिए काम नही होने दिया काम रूकने पर सोमवार को नायब तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह एंव लेखपाल रोहित सविता ने मौके पर जगह की पैमायस की तो वह जगह ऊसर बंजर की जमीन निकली जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल नालियों के निर्माण का काम शुरू करा दिया नायब तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह ने बताया गाटा संख्या 1326 पर उक्त जमीन ऊसर बंजर के लिए संरक्षित है उक्त जमीन पर किसी प्रकार अतिक्रमण अबैध माना जाएगा जमीन पर नोटिस बोर्ड भी चस्पा कर दिया गया है मंदिर जाने वाले रास्ते पर नालियों का निर्माण शुरू कर दिया गया है अब मंदिर जाने वाले भक्तो को दलदल से नही गुजरना पडेगा



# संचारी रोगों की रोकथाम हेतु निरंतर चलेगा स्वच्छता अभियान- बाजपेयी



इटावा! 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को भाजपा नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने कई दिनों से चला रखा है उन्होंने अपनी देखरेख में 3 घंटे तक सफाई अभियान चलाया जिसमें वैरुन पंसारी टोला, अकालगंज, उझैदी, चौखर कुआं, शाहगंज, राजागंज हाता, बल्देव चौराहे तक विशेष रूप से नालियों व सड़कों की सफाई के साथ साथ नालियों के किनारे उग आए हरे पौधों को भी हटवाया। शरद बाजपेयी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम बहुत आवश्यक है इसलिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान निरंतर जारी रहेगा इसके साथ ही समय-समय पर फॉगिंग, एंटी लारवा का छिड़काव भी कराया जाएगा स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हुए साफ सफाई का समुचित इंतजाम किया जाएगा और जनता से भी अपील है कि वह अभियान में सहयोग करें कूड़ा कूड़ेगाड़ी में ही डालें, सड़कों व नालियों में कूड़ा न डालें, पानी को इकट्ठा ना होने दें। सुबह सीवर लाइन व चैम्बरों के चोक हो जाने की व पानी की पाइप लाइन लीक होने की सूचना मिली सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर सीवर लाइन व चैम्बरों को साफ कराया व लीक पानी की पाइप लाइन को सही कराया। शरद बाजपेयी ने कहा कि बरसात का मौसम है इसलिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें और संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वच्छता बहुत आवश्यक है इसलिए सजग रहें, स्वच्छता रखें और स्वस्थ रहें। इस अभियान में सफाई नायक शेखर, प्रभाकर दीक्षित, चंद्र किशोर दुबे, राज नारायण अग्रवाल आदि सहित सफाई कर्मचारियों व क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा।

# चित्रकला प्रतियोगिता व पौधारोपण कार्यक्रम




इटावा! वन महोत्सव के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग रेंज भरथना एवं सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (स्कॉन) के तत्वाधान में जन सहयोगी इंटर कॉलेज मोढ़ी भरथना मे चित्रकला प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया ने चित्रकला एवं वृक्षारोपण का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रकृति में अनेक प्रकार के जीव-जन्तु हैं, जो पारिस्थितिक तंत्र के अनुरूप विकसित हुए हैं, और उनका जीवन तब तक सामान्य रूप से चलता रहता है, जब तक पर्यावरण अनुकूल रहता है। लेकिन, मनुष्य ने विकास के क्रम में न केवल पारिस्थितिक तंत्र को बिगाड़ा है, बल्कि वन्यजीवों और जलीय जीवों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का संकट खड़ा कर दिया है।

वन क्षेत्राधिकारी भरथना शिवकुमार ने बताया कि वन महोत्सव का उद्देश्य ही यही है कि हम सभी लोग कम से कम एक पौधा लगाए ताकि आने वाली पीड़ियों को भी हम शुद्ध जीवनदायिनी हवा दे सकें। पेड़ों के संरक्षण से लाभ और वृक्षों को काटने के कारण होने वाले नुकसान के विषय में बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। स्कॉन सचिव वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान ने कहा कि कहा कि वन हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है। एक-दूसरे पर परस्पर आश्रित अनेक पौधे और जानवर वनों में निवास करते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक वन संरक्षण विषय पर हुई ।जिसमें प्रथम स्थान सिद्धांत द्वितीय स्थान आकांक्षा तृतीय स्थान आदित्या एवं सभी छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग,स्कॉन एवं विद्यालय स्टाफ साधना शाक्य,अशोक भदौरिया, गौरव कुमार,आहुतीश यादव, कपिल कुमार, रामोतार सिंह वन दरोगा महावीर सिंह ,सुधीर कुमार ,राजपाल सिंह, सुभाष चंद्र व सौरभ सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# राजधानी की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की दर्दनाक मौत

भरथना, इटावा! दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर कानपुर से दिल्ली दौड़ी जा रही सुपरफास्ट राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर रेल प्रशासन और जीआरपी-आरपीएफ विभाग में हड़कम्प मच गया। जिसकी सूचना पर सुपरफास्ट राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 3 पर रोककर ट्रेन के इंजन में फंसे मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को सम्मान सहित निकाला गया और वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए भरथना रेलवे स्टेशन के अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह 8:35 बजे उन्हें साम्हों स्टेशन से सूचना मिली कि कानपुर से दिल्ली की ओर जा रही ट्रेन संख्या 2501 सुपरफास्ट राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर फंसा हुआ है। जिसकी सूचना मिलते ही उक्त ट्रेन को भरथना रेलवे स्टेशन की अप मैन लाइन पर 8:38 बजे रोका गया। इससे पूर्व जीआरपी और आरपीएफ को सूचित कर मौके पर बुलाया गया और ट्रेन के रुकते ही इंजन में फंसे राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को सम्मान सहित निकाला गया। स्टेशन अधीक्षक के अनुसार राष्ट्रीय पक्षी मोर साम्हों रेलवे स्टेशन से पहले कहीं दौड़ती ट्रेन की चपेट में आया होगा और उसका शव इंजन में फंसा चला आया। राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को निकालने के बाद ट्रेन को करीब 5 मिनट रोककर गंतव्य को रवाना किया गया। वहीं मौके पर मौजूद जीआरपी व आरपीएफ के जवानों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को सलामी दी और सूचना पर पहुँची वन विभाग की टीम में वन दरोगा लक्ष्मी नारायन व महावीर सिंह को अग्रिम कार्यवाही हेतु राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को सुपुर्द कर दिया। वन दरोगा लक्ष्मी नारायन ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद राष्ट्रीय सम्मान के साथ ग्राम सीहपुरा नर्सरी कैम्पस में अन्तिम संस्कार किया गया। इस दौरान जीआरपी जवान पुष्पेंद्र, महेंद्र, ओम प्रकाश मिश्रा, आरपीएफ जवान संदीप कुमार के अलावा प्वाइण्ट्समैन कासिम अली और दिनेश बाबू मौजूद रहे।



## शराब के नशे में पति ने की पत्नी व बच्चों के साथ की मारपीट पुलिस ने किया गिरफ्तार किया शान्ति भंग में पाबन्द

**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 5 जुलाई जनपद के कस्बा बिछवां निवासी एक युवक बीते शाम शराब पीके घर आया पत्नी व बच्चों के साथ गाली गलौज करने लगा जब पत्नी ने गाली गलौज का विरोध किया तो पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी मामले की सूचना पीड़िता ने थाना पुलिस को दी , पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में पाबंद करते हुए एस डी एम न्यायालय भेज दिया है कस्बा बिछवां निवासी गीता देवी पत्नी रामू चौहन ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति रामू चौहान पुत्र लोकपाल सिंह आये दिन शराब पीके गाली गलौज करता है विरोध करने पर शराब के नशे में मारपीट करता है सोमवार की शाम को भी वह शराब पीके आया गाली गलौज करने लगा , जब गाली देने से रोका तो पीड़िता व पुत्र पुत्री के साथ मारपीट कर दी मामले की सूचना पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले आई जिसे लिखा पढ़ी कर शांति भंग में पाबन्द करते हुए एस डी एम न्यायालय भेज दिया है

## साइबर सेल मैनपुरी ने ठगी की गई रकम करवाई वापस रकम वापस होने पर ठगी का शिकार हुए युवक ने की साइबर सेल मैनपुरी की बहुत बहुत प्रशंसा



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 4 जुलाई जनपद के कि जगदीश सिंह पुत्र बाबा रामनाथ निवासी मोहल्ला गाड़ीवान थाना कोतवाली मैनपुरी ने थाना कोतवाली मैनपुरी में प्रार्थना पत्र दिया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धोखाधड़ी कर खाते से ?51000 निकाल लिए हैं पुलिस अधीक्षक मैनपुरी द्वारा पीड़ित की शिकायत पर धनराशि को वापस कराने अज्ञात का पता लगाकर शीघ्र कार्यवाही करते हुए साइबर सेल के निर्देशित किया गया जिसमें साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करवाई पीड़ित ने अपनी धनराशि बापस पाकर साबर सेल की बहुत-बहुत प्रशंसा की

## कर एवं करेत्तर राजस्व से संबंधित राजस्व वसूली एवं परिवर्तन कार्य से संबंधित प्रगति की समीक्षा बैठक 7 जुलाई को होगी शुरू रामजी मिश्र अपर जिला अधिकारी



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 05 जुलाई, 2023- अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि कर एवं करेत्तर राजस्व से सम्बन्धित माह जून तक की गयी राजस्व वसूली एवं प्रवर्तन कार्य से सम्बन्धित प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 07 जुलाई को अपरान्ह 02 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धितों से अद्यावधिक सूचनाओं सहित उक्त तिथि को बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## सरकार के मंसा अनुरूप चलाया गया राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन ग्राम स्तरीय जन जागरूकता अभियान



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 5 जुलाई जनपद मैं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम स्तरीय जागरूकता अभियान के तहत ग्राम कोसमा मुसलमीन मे अभियान चलाया गया जिसमे अभिलाख शर्मा डी पी सी ने बताया कि लोगो को किस तरह से दूषित जल से बचाया जा सकता है तथा प्रशिक्षक आकाश सिंह ने बताया की जनपद के सभी ग्राम पंचायतों मे यह योजना चलाई जा रहीं है इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगो में पीनें के पानीके प्रति जागरूक किया जाये तथा पानी को बचाया जाये उन्होंने कहा की हम,, जल बचाओ कल बचाओ,,जल है तो जीवन है,, के तहत कार्य कर रहे है वहीं दूसरे देशों मे जल का बहुत बड़ा संकट है वहाँ के हालात बहुत खराव है इसलिए हमें मिलकर जल को बचाना होगा तथा लोगो को जागरूक करना होगा व खराब पानी पीने से बचना होगा क्योंकि दूषित पानी पीने से कई बीमारियां व रोग होते है इसलिए हमें पहले जल को स्वच्छ व साफ कराना है तथा संरक्षित करना है तथा लोगो को जल संरक्षित करने के लिए जागरूक करना है जिससे जल संरक्षण हो सके तथा जल को बचाया जा सके प्रधान अखलेश यादव ने लोगो से अपील की कि सभी लोगो को जल संरक्षण अभियान में बढ़-चढ़करसहयोग करे जिससे आने बाली पीढ़ी के लिये जल की कोई परेशानी न हो एस मोके पर प्रशिक्षक सुमित कुमार, रंजीत कुमार कोऑर्डिनेटर अनुराग अखलेश यादव, हरिओम, लालू, कंचन सिंह, रामकिशोर, पंकज कुमार, मुन्नी देवी, उपासना यादव कृष्ण कांत आदी लोग मौजूद रहे।

## अवैध खनन को रोकने के लिए थाना घिरोर पुलिस ने ट्रैक्टर व जसीबी मशीन को किया जप्त की बड़ी कार्रवाई

जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी। मैनपुरी 5 जुलाई जनपद के थाना घिरोर क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए थाना घिरोर पुलिस ने ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन जप्त करके की बड़ी कार्रवाई खनन माफियाओं में मचा हड़कंप घिरोर थाना प्रभारी नरेंद्र पाल सिंह संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना घिरोर क्षेत्र के ग्राम महुआ हार में अवैध खनन हो रहा है ग्राम महुआ हार के पास जाकर देखा तो एक जेसीबी मशीन व आयशर ट्रैक्टर की ट्राली में जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी भरी जा रही थी पुलिस को देखते ही ट्रेक्टर ड्राइवर व जेसीबी मशीन ड्राइवर मशीन ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग खड़े हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन आयसर ट्रेक्टर मय ट्रैक्टर ट्राली के मिट्टी लदी हुई थाने में लाकर खड़ी कर दी है खनन विभाग को दूरभाष द्वारा सूचना दे दी गई है आगे की कानूनी कार्रवाई विधिक अनुसार की जा रही है

# अनूठे बाल फिल्म अमृत महोत्सव का हुआ आगाज

**जिला ब्यूरो चीफ**
**राजवीर सिंह यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**

### बॉलीवुड के अभिनेता अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माताओं ने की शिरकत।




मैनपुरी/फिरोजाबाद - एसआरके महाविद्यालय में सम्पूर्ण जगत कल्याण सोसाइटी के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के अनूठे बाल फिल्म अमृत महोत्सव 2023का हुआआगाज । बॉलीवुड के यूपी अभिनेता ,अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माताओं ने की शिरकत । समाचार फिरोजाबाद जिला क्राइम ब्यूरो रामेंद्रपाल सिंह । फिरोजाबाद बाल फिल्म महोत्सव के फिरोजाबाद में उत्तर प्रदेश बाल फिल्म महोत्सव 2023 का श्री गणेश हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिकोहाबाद पूर्व विधायक श्री ओम प्रकाश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री मुकेश गुप्ता मामा, द्वारा सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया स्वागत श्रृंखला में बॉलीवुड फिल्मअभिनेत्री मांडवी राठौर, फिल्म निर्माता निर्देशक गिरन्द गोस्वामी एवं महोत्सव की ब्रांड एंबेसडर मोनिका उपाध्याय का दर्शकों के द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से भव्य स्वागत किया गया ।कार्यक्रम संयोजक फिल्म निर्माता निर्देशक रामेन्द्रपाल सिंह के के अनुसार उत्तर प्रदेश का यह अनूठा बाल फिल्म अमृत महोत्सव 2023 बाल कलाकारों स्थानीय कलाकारों फिल्म निर्माताओं पी के लिए वरदान साबित होगा। जो भी कलाकार मुंबई में संघर्षरत हैं उनको अपने प्रदेश में ही नोएडा फिल्म सिटी में रोजगार मिलेगा । इस संदर्भ में प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह जी से वार्ता जारी है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के जरिए स्थानीय कलाकारों को फिल्मों एल्बम और विज्ञापनों मैं काम देने के लिए प्रयास है। इसी संदर्भ में फिरोजाबाद की बाल फिल्म महोत्सव ब्राडं एंबेसडर मोनिका उपाध्याय को बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री मांडवी राठौर के द्वारा दुपट्टा एवं ताज पहना कर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम आइए समिति में शिकोहाबाद से नृत्य निर्देशिका आशा भट्ट, रीमा यादव तथा स्थानीय कलाकार शालिनी जोशी प्रीति राजपूत ,प्रमोद यादव ,गौरव कुलश्रेष्ठ, रमेश चंद्र वर्मा मोहम्मद आसिफ जयंती प्रसाद मित्तल जेपी मसाले के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तान्या, वंशिका, परी जादौन अरसब जादौन, शिव शुक्ला ,अर्चार्सी, आयशा रुही,, अंजली, अख्तर, देव स्वामी कृष्णा शुक्ला आदि के डांस सराहनीय रहे। कार्यक्रम संचालन के बीच होवे असलम भोला ,ठाकुर सोनम सिंह आदि ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड की अवॉर्डेड बाल फिल्में- दर्पण ,ग्रीन स्क्रीन ,फोन एडिक्शन, यमराज, तथा लोकल फिल्में अनमोल बेटियां ,जागो भारत, नन्हे परिंदे ,मजबूरी का नाम छोटू उस्ताद । आज की भीस्क्रीनिंग हुई । यह महोत्सव बृजमंडल के सभी जनपदों से होता हुआ फिल्म सिटी नोएडा पर पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। इच्छुक कलाकार सिटी कार्यालय,सरस्वती नगर गली नंबर 1 जलेसर रोड कार्यालय पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं ।।

## थाना दन्नाहार की नहर पर ट्रक रफ्तार से आ रहा था अनियंत्रित होकर पलटा



**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 5 जुलाई जनपद के थाना दन्नाहार क्षेत्र में एक ट्रक यूपी80दह्ल9950जो फिरोजाबाद से मैनपुरी की तरफ जा रहा था दन्नाहार नहर पुल पर तेजी व लापरवाही से चलाते हुए पलट गया है जो खाली था परंतु हादसा होने से टला परंतु ट्रक की टक्कर से फुल हुआ क्षतिग्रस्त सूचना मिलने पर पुलिस बल पहुंचा मौके पर चालक इस्पेक्टर सिंह पुत्र पुत्तू लाल यादव निवासी राजकीय इंटर कॉलेज थाना कोतवाली मैनपुरी मय पुत्र आशीष पुत्र इस्पेक्टर सिंह यादव निवासी उपरोक्त गाड़ी पर मौजूद थे दोनों लोगों के हल्की चोटें आई है मौके पर प्रभारी निरीक्षक महोदय मय पुलिस बल मौजूद है लाइन आर्डर की कोई समस्या नहीं है।

## थाना घिरोर के ग्राम कल्होर में कुछ अराजक तत्वों ने की माहौल खराब करने की कोशिश खेड़े पर मजार बनाकर चढ़ाई चादर

**जिला संवाददाता**
**सुनील कुमार यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**



मैनपुरी 5 जुलाई जनपद के थाना घिरोर के ग्राम कल्होर के पास कल्होरी देवी का मन्दिर पास पडे खंड्हर / खेरे के ऊपर स्थित है जहां पर-इदरीश ,हनीफ ,इकबाल, पुत्र गण मुनव्वर अली उर्फ मुन्ना . साबिर उर्फ चीनी, पुत्र अली रहीम निवासीगण ग्राम कल्हौर पँछा थाना घिरोर मैनपुरी के व्दारा अवैध रूप से मजार बनाकर चादर चढाने की सूचना प्राप्त होने पर सूचना मिली थी कि कुछ असमाजिक तत्वो व्दारा सम्प्रादायक उन्माद फैलाने के उदेश्य से नाजायज मजार बना दी गई है मौके पर जाकर देखा तो ,इदरीश,हनीफ, ,इकबाल, पुत्र गण मुनव्वर अली उर्फ मुन्ना . साबिर उर्फ चीनी पुत्र अली रहीम ,निवासीगण ग्राम कल्हौर पँछा थाना घिरोर मैनपुरी विपक्षी गण .प्रमोद पुत्र उदयभान , सूरज कुमार पुत्र पातीराम, रामौतार पुत्र जागन सिह , उमेश पुत्र कुँवरपाल , नि0 गण ग्राम कल्होर पछा थाना घिरोर मैनपुरी मध्य वाद विवाद होते पाया गया जिसमे 1.इदरीश पुत्र मुनव्वर अली उर्फ मुन्ना 2. साबिर उर्फ चीनी पुत्र अली रहीम निवासीगण ग्राम कल्हौर पँछा थाना घिरोर मैनपुरी को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी के अन्तर्गत एसडीएम कोर्ट घिरोर भेजा गया तथा एसडीएम घिरोर व्दारा दोनो अभियुक्तो को जिला कारागार भेजा गया । तथा अन्य शेष व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 107/116 सीआऱपीसी की कार्यवाही की गयी

घिरोर थाना प्रभारी नरेंद्र पाल सिंह का कहना है कि कानून गो लेखपाल तहसीलदार एवं पुलिस पार्टी द्वारा जानकारी करके सभी मलबा हटवा दिया गया वहां कोई कुछ नहीं है तथा तहसील कर्मचारियों ने व अधिकारियों ने बताया यह जगह ग्राम सभा की सरकारी जगह है अतिक्रमण पूर्ण रूप से हटा दिया गया है कोई समस्या नहीं है फिर भी मुझे एस एच ओ एवं हल्का प्रभारी द्वारा प्रकरण पर सतर्क दृष्टि अपनाते हुए निगरानी की जा रही है

# सिंगल स्टेज के आधार पर ही राशन का उठान हो, राशन वितरण में शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए-जिलाधिकारी।

**जिला संवाददाता**
**सुनील कुमार यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी**

### ठेकेदार प्रत्येक विकास खंड पर 01-01 छोटा वाहन 48 घंटे में उपलब्ध कराएं अन्यथा ब्लैक लिस्टेड किया जाए-अविनाश।

### लोडिंग, अनलोडिंग के समय विपणन, पूर्ति निरीक्षक मौके पर मौजूद रहे, राशन डीलर तक पूरी मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हो-जिलाधिकारी।



मैनपुरी 05 जुलाई, 2023- जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत अन्नपूर्णा योजना के तहत विकास खंड स्तर पर प्रथम चरण में उचित दर दुकान निर्माण, खाद्यान्न का उठान, रिक्त दुकानों के आवंटन आदि की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विपणन, पूर्ति विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया कि गोदाम से खाद्यान्न का उठान कराकर सीधे राशन डीलर की दुकान तक सिंगल स्टेज सिस्टम के माध्यम से उपलब्ध हो, प्रत्येक राशन डीलर तक पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचे, खाद्यान्न उठान से लेकर राशन डीलर की दुकान तक उतरने के समय विपणन, पूर्ति विभाग के निरीक्षक मौजूद रहे, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी रैण्डमतौर पर गोदामों से उठान के समय सत्यापन करें, किसी भी स्तर पर खाद्यान्न के लोडिंग, अनलोडिंग के समय घटतौली की समस्या न हो, गोदाम से खाद्यान्न ले जाने वाले सभी वाहनों में जी.पी.एस. सिस्टम हो और उनकी जी.पी.एस. के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग की जाए यदि किसी भी गोदाम से कम मात्रा में उठान की शिकायत मिले तो संबंधित गोदाम प्रभारी, ठेकेदार के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान पाया कि अन्नपूर्णा योजना के तहत जनपद में 75 दुकानों का निर्माण होना है, प्रथम चरण में जनपद के प्रत्येक विकास खंड की 01-01 ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा योजना के तहत दुकान का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों से कहा कि संयुक्त रूप से ऐसी ग्राम पंचायत का चयन प्रथम चरण में किया जाए, जिन ग्राम पंचायतों में राशन डीलर की दुकान सकरी गली में हो, वहां तक ट्रक के माध्यम से खाद्यान्न न पहुंचता हो उन स्थानों को चिन्हित कर वहां ग्राम पंचायत सचिवालय के समीप भूमि का चयन कर दुकान का निर्माण कराया जाए। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया की सकरी गली में स्थापित राशन की दुकानों पर सिंगल स्टेज सिस्टम के तहत ट्रक के माध्यम से खाद्यान्न नहीं पहुंच रहा है, उन दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने हेतु ठेकेदारों को प्रत्येक विकास खंड पर 01-01 छोटा वाहन 05 से 06 टन क्षमता का उपलब्ध कराना था लेकिन कई बार निर्देशों के बाद भी ठेकेदारों द्वारा छोटा वाहन खाद्यान्न आपूर्ति हेतु उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित ठेकेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि 48 घंटे में प्रत्येक विकासखंड पर 01-01 छोटा वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, वाहन की उपलब्धता की सूचना विपणन, पूर्ति निरीक्षक उपलब्ध कराएं, जिन ठेकेदारों द्वारा अगले 48 घंटे में वाहन उपलब्ध न कराया जाए, उन्हें ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि विकास खंड बेवर के ग्राम छबीले पुर, दयानत नगर मोटा, विकास खंड सुल्तानगंज के ग्राम रंगपुर, विकासखंड बरनाहल के ग्राम बलपुरा, बीनापुर, रेड़ापुर में राशन डीलर की दुकान रिक्त चल रही हैं, जिन पर खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से प्रस्ताव आने हैं, जिस पर उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि तत्काल रिक्त, मृतक आश्रित कोटे की दुकानों का प्रस्ताव करायें, जहां भी विवाद की स्थिति हो, संबंधित खंड विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी अपनी उपस्थिति में प्रस्ताव की प्रक्रिया संपन्न कराएं, प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक निर्धारित मात्रा में समय से खाद्यान्न उपलब्ध हो, किसी भी स्तर पर खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी न हो, उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित करायें। उन्होने कहा कि तहसील मैनपुरी में 15, भोगांव, करहल में 12-12, कुरावली में 04, किशनी में 05, घिरोर में 02 पेट्रोल पंप की एन.ओ.सी. के प्रकरण लंबित हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि तत्काल लंबित प्रकरण को निस्तारित करें, पुलिस, अग्निशमन, लोक निर्माण, वन विभाग, विद्युत विभाग तत्काल लंबित पेट्रोल पंप के अनापत्ति प्रमाण पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही कर निस्तारित कराएं, किसी भी विभाग में अकारण पेट्रोल पंप के प्रकरण लंबित न रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. पी.सी. राम, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल, किशनी, कुरावली, घिरोर, नवोदिता शर्मा, अंजलि सिंह, गोपाल शर्मा, आर.एन. वर्मा, युगान्तर त्रिपाठी, नितिन कुमार, डिप्टी आर.एम.ओ. उदित नारायण, समस्त खंड विकास अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला पूर्ति अधिकारी कयामुद्दीन अंसारी ने किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोधना पर पहला ऑपरेशन हुआ सफल लोगों ने किया खुशी का इजहार

**जिला संवाददाता**
**सुनील कुमार यादव**
**माधव संदेश मैनपुरी।**

### सरकार की मंसा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर से बेहतर हों इसके लिए सरकार और डॉक्टर लगातार प्रयत्नशील हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोधना पर अब सिजेरीयन प्रसव की हुई शुरुआत

मैनपुरी 5 जुलाई के घिरोर कस्बे मैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोधना पर सर्जन डॉ पूजा हजारे , एनेस्थेटिक डॉ विकास यादव के विशेष प्रयास से ऑपरेशन थियेटर तैयार हुआ और इसके बाद बुधवार को प्रथम ऑपरेशन सकुशल संपन्न हुआ । जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने मिष्ठान का वितरण किया । सर्जन डॉ पूजा हजारे ने बताया कि सरकार की मंशा है कि सीएचसी स्तर पर ऑपरेशन से डिलीवरी संभव हो जिससे जिला अस्पताल पर लोड कम हो और जनता को अपने नजदीकी सेंटर पर सुविधा उपलब्ध हो । आज हमारी टीम के द्वारा यहां पर पहला ऑपरेशन किया गया है । हालांकि उक्त प्रसूता की ऑपरेशन से दूसरी डिलीवरी है। हमारा पहला प्रयास रहता है कि डिलिवरी सामान्य हो लेकिन क्रिटकल केस में ऑपरेशन ही एकमात्र सहारा होता है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज रश्मि पत्नी सर्वेंद्र निवासी छोटी कुरावली का आपरेशन कराया गया जो की सफल रहाअब गर्भवती महिलाओ को जिला स्तर पर जाने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी अब सी एस सी गोधना पर ही यह सुबिधा मिलेगी आपरेशन सफल होने के बाद लोगो ने मिठाईया बाटी तथा खुशी जाहिर की इस मौके पर डॉक्टर पूजा यादव, डॉक्टर करतार सिंह, पुष्पेंद्र यादव, चंद्रभान सिंह, फार्मासिस्ट रविंद्र सिंह, और अन्य स्टाफ मौजूद रहा



## श्रीमान पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा श्रावण मास कावड़ यात्रा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बछरावां स्थित भवरेश्वर मन्दिर का निरीक्षण



**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली आज दिनांक 05 जुलाई 2023 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा श्रावण मास कावड़ यात्रा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बछरावां क्षेत्र अन्तर्गत स्थित भवरेश्वर मन्दिर का निरीक्षण किया गया तथा श्रावण मास कावड़ यात्रा को सकुशल/शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने, घाट को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गों पर कावड़ियों/श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधि0/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । तत्पश्चात मन्दिर सेवा संघ के अध्यक्ष व सदस्यों तथा क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिको व गोताखोरों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर वार्ता की गयी तथा समस्याओं से अवगत होकर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

## धनवाली मोड पर तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो गम्भीर घायल

**माधव संदेश/आकाश**



बिधूना,औरैया (ब्यूरो)। वाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से वाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया है।बुधवार को आशीष पुत्र मिलाप सिंह यादव निवासी दिलालपुर थाना एरवाकटरा ने बताया कि उसके चाचा कोमल सिंह यादव व रामपाल सिंह निवासी नगला हरिया थाना एरवाकटरा एक व्यक्ति की अपाचे बाइक से बिधूना से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही वह धनवाली मोड के पास पहुंचे तभी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गयी। जिससे वाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया। जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## दवंगों ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर मारपीट का किया प्रयास जान बचाकर घर में भागी, दबंगों ने घर में सेफ से जेवरात भी किए पार

**माधव संदेश/आकाश**



अछल्दा,औरैया (ब्यूरो)। महिला ने दबंगों पर बेलचा घन कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़ कर ले जाने और विरोध करने पर मारपीट करने के प्रयास पर घर में भागकर घुसने पर दबंगों ने घर में घुसकर उसकी बक्सा सेफ में रखा जेवरात पार कर दिया और सामान बिखरा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जानकारी के मुताबिक अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम कंधिंया निवासी संतोष कुमारी पत्नी बलवीर दास ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह खेतों पर गई हुई थी तभी अचानक मौका पाकर उसके ही गांव निवासी राघवेंद्र अजय सत्यपाल पुत्रगण रामनरेश विवेक पुत्र राघवेन्द्र आदि ने मिलकर उसकी दीवार में लगे दरवाजे को बेलचा घन कुल्हाड़ी से तोड़कर अपने घर में रख लिया। खेत से वापस लौटने पर जब उसने इसका विरोध किया तो उपरोक्त दबंगों ने गाली गलौज करते हुए उसके ऊपर हमला बोल दिया जिससे वह जान बचाकर भागकर अपने घर में घुस गई तभी वक्त लोगों ने उसके घर में घुसकर बक्सा व सेफ को तोड़कर उसमें रखे सोने के बाला मंगलसूत्र चांदी की पायलें आदि जेवरात उठा ले गए और कपड़ा आदि सामान भी बिखरा दिया। महिला की शिकायत पर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## 02 अभियुक्तों के कब्जे से 54 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**




चित्रकूट– पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 अभियुक्तों के कब्जे से 54 क्वार्टर देशी शराब बरामद की उ0नि0 इमरान खान थाना भरतकूप तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्ता रानी पत्नी बब्बू शिवहरे निवासी अमर ज्योति डफाई अकबरपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्ता के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया । उ0नि0 गुरुबचन सिंह सरोज थाना बरगढ़ तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त छोटेलाल पुत्र गुल्जार सिंह निवासी कटैयाडांडी थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के विरुद्ध थाना बरगढ़ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

## महर्षि गोकर्ण की तपस्थली गोकना घाट का जल्द ही पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा

**उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने इसकी डीपीआर तैयार करा ली है। निगम 3 करोड़ की लागत से घाट का विस्तारीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।**



**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली ऊंचाहार। महर्षि गोकर्ण की तपस्थली गोकना घाट का जल्द ही पर्यटन के रुप में विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने इसकी डीपीआर तैयार करा ली है। निगम 3 करोड़ की लागत से घाट का विस्तारीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। गौरतलब है कि गंगा के गोकना घाट का ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व है। बताया जाता है कि यह स्थल महर्षि गोकर्ण ऋषि की तपस्थली रही है। यहां गंगा दक्षिण वाहिनी हैं। जिसका विशेष महत्व है। यहां कार्तिक पूर्णिमा व मौनी अमावस्या तथा माघी पूर्णिमा पर लाखों लोग गंगा में स्नान के लिए अमेठी, गौरीगंज, जायस, नसीराबाद, डीह, छतोह, परसदे पुर, सूची, सलोन, जगतपुर समेत सुल्तान पुर,प्रतापगढ़, फतेहपुर आदि से आते हैं। इस दौरान मेला का भी आयोजन होता है। यहां के श्मशान घाट पर पर रोजाना लोग शवों का अंतिम संस्कार करते हैं। गोकना घाट का विकास विभिन्न राजनीतिक दलों का रहा है। अब पर्यटन विभाग ने गोकना घाट समेत जिले के आठ स्थलों के विकास की डीपीआर तैयार कराई है। इससे लोगों को घाट के पर्यटन के लिहाज से सर्वांगीण विकास की आस जगी है। मां गंगा गोकर्ण जनकल्याण सेवा समिति के महासचिव व घाट के प्रमुख तीर्थपुरोहित पं. जितेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि पर्यटन विकास निगम ने गोकर्ण ऋषि की तपोस्थली गोकना के सर्वांगीण विकास करने के लिए डीपीआर तैयार कराई है। जिसके लिए 3 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि समिति अरसे से पर्यटन विभाग से गोकना घाट के विकास कराने की मांग कर रही थी। पर्यटन विभाग के इस निर्णय से क्षेत्रीय लोगों समेत तीर्थपुरोहित पं रमेश द्विवेदी, रामप्रकाश दीक्षित, ओमप्रकाश दीक्षित, दुर्योधन मिश्र,अर्पित द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, अमित कुमार,आदित्य, मनोहर लाल, उमाकांत शुक्ला जवाहर लाल मिश्रा आदि ने खुशी जताई है।

## 08 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव।** रायबरेली अवैध मादक पदार्थ/द्रव्यों की बिक्री/तश्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनांक 05 जुलाई 2023 को थाना डीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त कप्तान उर्फ दीपक सिंह पुत्र स्व0 अमरबहादुर सिंह निवासी ग्राम रायपुर टोडी थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को 08 अवैध स्मैक के साथ थाना क्षेत्र के मऊ तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या–264/2023 धारा–8/21 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

*नाम पता अभियुक्त–*

कप्तान उर्फ दीपक सिंह पुत्र स्व0 अमरबहादुर सिंह निवासी ग्राम रायपुर टोडी थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली ।

*बरामदगी*

08 ग्राम अवैध स्मैक ।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–*

उप–निरीक्षक श्री विनोद कुमार चौरसिया थाना डीह रायबरेली ।

आरक्षी श्री सचिन सिंह थाना डीह रायबरेली ।

आरक्षी शुभम विश्वकर्मा थाना डीह रायबरेली।

## 04 अभियुक्तों को 03 पिकअप वाहनों में 115 झाल तेंदू पत्ता के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश**




चित्रकूट– पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप प्रताप सिंह एवं उनकी टीम द्वारा 04 अभियुक्तों को 03 पिकअप वाहनों में 115 झाल तेंदू पत्ता के साथ गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 05.07.2023 को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह को मुखबिर द्वारा सूचन प्राप्त हुयी कि कुछ व्यक्ति सरकारी सम्पदा तेंदू पत्ता की चोरी करके ले जा रहे हैं । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मनिकपुर एवं उनकी टीम द्वारा झरी फाटक के पास से महिन्द्र पिकअप वाहन संख्या क96 ज्ञ 2455, क96 ज्ञ 3906 व क96 ज्ञ 4509 पर सरकारी सम्पदा 115 झाल सूखा तेन्दू पत्ता बरामद किया गया तथा इन वाहनों में सवार अभियुक्तगणो 1. ओमप्रकाश चमार पुत्र जुडावन प्रसाद निवासी नादिन कुर्मियान थाना राजापुर चित्रकूट 2. राजेन्द्र पुत्र चुन्ना चमार निवासी सुखरामपुर थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट 3. धीरु पुत्र कामता निवासी कारखाना मुहल्ला राजापुर चित्रकूट 4. राजू पुत्र हीरालाल निवासी हनुवा मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त बरामदगी के आधार पर थाना मानिकपुर में मु0अ0स0 67/2023 धारा 379,411 भादवि व 5/26(च)/41/33() भारतीय वन अधिनियम–1927 पंजीकृत किया गया । बरामदशुदा तेंदू पत्ता की कीमत लगभग 04 लाख रुपये करीब है

## जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**



रायबरेली, 4 जुलाई। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्माणाधीन विद्यालयो के संबंध में जानकारी हासिल की। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कई ब्लॉकों में कार्य जारी है जिनमें जनपद की स्थिति संतोषजनक है। इसके अतिरिक्त निपुण मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन के संबंध में भी जिला अधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कुछ ब्लाकों में हमारे जनपद में सौ प्रतिशत नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे विद्यालयों के अध्यापकों को सम्मानित किया जाए जिन्होंने अच्छा कार्य किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालय के जर्जर भवनों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लिये एक कमेटी बनाकर जांच कराई जा रही है। ऐसे भवनों को चिन्हित करके जल्द से जल्द उनका निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं उसी प्रकार हमारा ऐसा प्रयास होना चाहिए कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले। बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। विद्यालयों से बच्चों का भविष्य जुड़ा रहता है। अत: उसे बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें। इसके लिए न केवल माता–पिता बल्कि समाज के लोगों को भी जागरूक किया जाए। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ, डीआईओएस के अतिरिक्त सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## चेयरमैन ने किया वार्षिक पत्रिका जागृति का विमोचन

**मासिक बैठक करने के लिए नव प्रस्तावित सभागार प्रदान करने की कही बात**

**माधव संदेश/आकाश**

दिबियापुर,औरैया (ब्यूरो)। मंगलवार की शाम को नगर स्थित शिव गैलेक्सी के सभागार में डॉ डीपी सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की वार्षिक पत्रिका जागृति का विमोचन दिबियापुर चेयरमैन के द्वारा संपन्न हुआ। विशाल उपस्थिति के मध्य ईश वंदना के उपरांत समिति के 21 सदस्यों का इस माह में होने वाला जन्मदिन मनाकर तथा सदस्यों का माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों ने भविष्य की मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं अर्पित की। समारोह में विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने समिति को मासिक बैठक करने के लिए नव प्रस्तावित सभागार प्रदान करने की बात कही। जागृति पत्रिका का विमोचन विशिष्ट अतिथि के कर कमलों से संपन्न हुआ तथा समस्त सदस्यों को सद्य प्रकाशित जागृति की प्रति उपलब्ध कराई गई जोकि समारोह का मुख्य आकर्षण रही।वरिष्ठतम सदस्य चौधरी रामबाबू यादव पूर्व राज्यमंत्री, हरि पालीवाल ,रामगोविंद शुक्ला, डॉ अशोक शर्मा, चेयरमेन राघव मिश्रा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सभाध्यक्ष डॉ डीपी सिंह ने पत्रिका में प्रदत आलेखों तथा कविताओं के लिए सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पदाधिकारियो ने विशिष्ट अतिथि चेयरमैन राघव मिश्रा का बुके, शालार्पण,स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।समिति के सदस्य अमर नाथ दीक्षित ने अपनी काव्य पाठ से सभी को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के मंत्री रमेश




कुमार शुक्ल ने किया ।कार्यक्रम संयोजक प्रदीप मिश्र ने सुंदर स्वल्पाहार की व्यवस्था की। धन्यवाद ज्ञापन कमलेश नारायण द्विवेदी ने किया । धर्मेंद्र गुप्त की सुंदर व्यवस्था सराहनीय रही। विमोचन कार्यकम के अवसर पर डा अजब सिंह यादव,सुखलाल गुप्ता,बरेलाल पाल,अरविंद शुक्ला, डा एम पी शुक्ला आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## क्लीनिक पर बैठे प्राइवेट डाक्टर पर चाकू से हमला ,मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए आरोपी

*** आरोपियों ने बीती शाम डाक्टर के पुत्र की मारपीट कर जान से मारने की दी थी धमकी**

***डॉक्टर के परिजनों के अनुसार आरोपी लोग उसकी पुत्री को आए दिन कर रहे थे परेशान**

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के तुम्हरिया गांव निवासी बृजेंद्र सिंह का फूटाकुंआ चौराहे पर क्लिनिक है । बुधवार की सुबह जब वह अपने क्लीनिक पर बैठे थे तभी अचानक कुछ लोगो ने चाकू से हमला कर दिया और मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह बृजेंद्र सिंह अपने क्लीनिक पर बैठे थे तभी सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के ही तीन युवक उसके क्लिनिक पर पहुंचे और अचानक एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चीख–पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े तभी आरोपी लोग मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए । घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों द्वारा गंभीर अवस्था में बृजेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया घटना के संबंध में घायल ब्रजेंद्र व परिजनों ने बताया कि गांव का ही एक युवक, द्वारा उसकी पुत्रियों को विद्यालय व अन्य कहीं आते जाते समय छेड़ा जाता है। लड़के द्वारा उसकी लड़कियों के साथ कमेंट करने की शिकायतकई बार उसके घर जाकर की गई थी लेकिन वह नहीं मान रहा था मंगलवार की शाम उसकी लड़कियों पर कमेंट किया तो उसके पुत्र ने इसका विरोध किया तभी आरोपी लोगों ने उसके पुत्र की मारपीट कर जान से मारने की धमकी थी डाक्टर पुत्र की मारपीट की घटना के बारे में प्रार्थना पत्र देने मलगंवा चौकी गया था। जहां पुलिस ने यह कहकर टरका दिया कि डाक्टर तुम बहाना बनाकर आ जाते हो। चौकी पर सुनवाई ना होने पर वह कोतवाली अजीतमल गया था वहां से ही मदद ना मिलने पर वह घर लौट आया था । यदि पुलिस उसकी समय रहते मदद कर देती तो हो सकता है कि उसके साथ चाकू बाजी की घटना ना होती। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया की दो दिन पहले आरोपी युवक को उक्त डाक्टर ने रात्रि में संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़वाया था जिसका 151 में चालान किया गया था इसी बात को लेकर शायद हमला किया गया हे। रात्रि में डाक्टर की मुझसे कोई मुलाकात नहीं हुई हे अगर वह आया था तो किससे मिला इसकी जानकारी नही है । मामले में दोषी लोगों पर कार्यवाही की जायेगी ।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया जल ही जीवन पर प्रशिक्षण

**माधव संदेश/आकाश**



अजीतमल,औरैया (ब्यूरो)। विकासखंड अजीतमल के सभागार में खंड विकास अधिकारी अवधेश कुमार ने जल जीवन मिशन के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को जल बचाओ व जल शुद्धता के बारे में जानकारी दें और जल में अन्य तत्वों के बारे में बताया अजीतमल विकासखंड में टर्वाडिटी (गंधापन) 0से10 होना चाहिए लेकिन 40 अधिक मात्रा में निकला। यहां का पीएच मान 7 निकला। इस कार्यक्रम में मनोज कुमार ट्रेनर ने निम्न तत्वों की जांच जैसे क्लोराइड, फ्लोराइड ,नाइट्रेट, हार्डनेस ,(कठोरता) ,आयरन, जीवाणु, टर्वडीटी (गंधापन)आदि तत्वों की जानकारी व इनकी गुणवत्ता के बारे में बताया गया। जल की स्वच्छता के लिए गाड़ियों को अवधेश कुमार वीडियो अजीतमल ,छाया देवी सीडीपीओ अजीतमल ,गिरजा शंकर साहनी सहायक जिला परियोजना समन्वयक आदि लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आज 4 गाड़ियां अनंतराम , दहियापुर, सोनासी, मुडेना रूप शाह, पैगूपुर, लालपुर पहलादपुर आदि ग्रामों में जाएंगी। इस मौके पर सीडीपीओ छाया देवी सहायक जिला परियोजना समन्वयक गिरजा शंकर साहनी, पवन कुमार जिला परियोजना समन्वयक, अजय सिंह राठौर ,मनोज कुमार, शुभम, निखिल ,राधा राजपूत, आशीष कुशवाहा, अनामिका, आदि लोग और आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

## फिरोजाबाद में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



संवाद न्यूज माधव संदेश। फिरोजाबाद शहर के थाना दक्षिण क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत हो गई। मृतका की दो माह पहले ही शादी हुई थी। महिला के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना क्षेत्र के नगला मोती निवासी आरती (26) पत्नी लोकेंद्र कुमार की सोमवार को घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फर्श पर पड़ा हुआ था। सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सूचना पर मृतका के मायका पक्ष के लोग भी मौके पर आ गए, लेकिन उनके आने से पहले ससुरालीजन मौके से फरार हो गए।महिला के गले में मिले निशान मायका पक्ष ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी की ससुरालीजनों ने हत्या कर दी है। महिला के गले पर निशान भी मिले हैं। इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पड़ोसी ने महिला की मौत की खबर पुलिस को दी थी। पुलिस जब पहुंची तो ससुरालीजन फरार हो गए थे। मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मृतक के परिवारी जनों ने बताया कि उसके ससुराली जन दहेज में प्रॉपर्टी मांगते थे और रुपए की भी डिमांड कर रहे थे वह पिता की इकलौती बेटी थी।

# छात्रों व राह चालकों के लिए जोखिम भारा साबित हो रहा बैरुआ का मुख्य मार्ग

### जोखिम भरे इस मार्ग पर नहीं पड़ रही क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अजय राजा की नजर




**माधव संदेश/ संवाददाता** सरेनी,रायबरेली। सरेनी इन दिनों जनपद में बदहाल व छतिग्रस्त जर्जर मार्गों के चलते ।लगातार हो रहे सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं छतिग्रस्त व बदहाल मार्गों से गुजरने को लोग मजबूर हैं जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी दिशानिर्देश के मुताबिक 30 सितंबर तक सभी बदहाल व जर्जर मार्गों की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य को पूर्ण करना था जिसमे कुछ ही माह बचे हैं किंतु आज भी रायबरेली जनपद के सरेनी क्षेत्र में कई मार्ग जस का तस पड़े हुए हैं जिस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नहीं पड़ी वही ऐसा ही हाल बैरुआ ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग का है जो जगह जगह से जर्जर हो चुका है बैरुआ गांव स्थित जूनियर, प्राथमिक व प्राइवेट विद्यालय जाने का एक ही मार्ग है जिसमें व्याप्त बड़े बड़े जल भराव वाले गड्ढे छात्रों व राह चालकों को बड़े सड़क हादसे का संकेत दे रहे हैं गांव में एक ही मार्ग होने के चलते छात्र व ग्रामीण गड्ढा युक्त व जलभराव वाले जोखिम भरे मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं ग्रामीणों के मुताबिक 15 वर्ष से अधिक पुराने इस मार्ग की ना तो कभी कोई मरम्मत हुई और ना ही नवीनीकरण हुआ जिसकी वजह से मार्ग गड्ढा युक्त व छतिग्रस्त हो गया है जिसमे अब तक कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं वहीं चुनाव के बाद क्षेत्रीय सपा विधायक की एक बार भी नहीं पड़ी इस बदहाल सड़क पर नजर ग्रामीणों के घटनामुक्त का सपना सरेनी सपा विधायक के चुनावी वादों की चढ़ा भेंट।

# नवागंतुक सब रजिस्ट्रार को ठेंगा दिखा कर विभिन्न बैनामों में की जा रही अवैध वसूली

***निबंधन विभाग में अनाधिकृत व्यक्ति कम्प्यूटर पर करता है बैनामा से सम्बंधित कार्य***

***कार्यालय बंद होने के बाद गोपनीय दस्तावेजों में क्या खंगालता है बाहरी व्यक्ति*** अजय



**माधव संदेश/क्राइम ब्यूरो दीपक ( राही )** रायबरेली । प्रदेश की योगी सरकार में जीरो टालरेन्स की नीति पर अमल करते हुए भ्रष्टाचार को समाप्त करने का दम्भ भरा जा रहा है । लेकिन जिले के निबंधन विभाग में मुख्यमंत्री की इस नीति का कोई असर नहीं दिखाई पड़ रहा है । उल्लेखनीय है कि बीते दिनों यहां तैनात रहे सब रजिस्ट्रार प्रभाष सिंह का तबादला हों गया और नवागंतुक रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने कार्य भार संभाल लिया । उनके आने के बाद बैनामा ऑफिस में फैले बाहरी व्यक्तियों के काकश से निजात मिलने की उम्मीद जगी । लेकिन इन अनाधिकृत व्यक्तियों का मकड़जाल भेदना शायद किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है । यहीं कारण है कि जो खेल अभी तक दिन की रोशनी में खुलेआम किये जाते थे वह अब कार्यालय बंद होने के बाद किये जा रहे हैं । सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न है कि कार्यालय बंद होने के बाद रात के अंधेरे में गोपनीय दस्तावेजों में बाहरी व्यक्ति अजय किसकी अनुमति से प्रवेश करता है और क्या खंगालता रहता है । यही नही निबंधन विभाग में अनाधिकृत व्यक्ति किसके आदेश से सेकमपयूटर पर बैनामा से सम्बंधित कार्य करता है । बताते चलें कि सदर में होने वाले अधिकांश बैनामो में स्टाम्प चोरी करके लाखों रुपये के सरकारी राजस्व को पलीता लगाया जा रहा है । बीते कुछ माह में हुए कई बड़े भूखंडों के बैनामे में जिलाधिकारी के स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्टाम्पों की चोरी पकड़ में आई थी जिसमें डीएम ने वसूली के आदेश भी दिए थे । बावजूद इसके लगातार बड़े मूल्यों के बैनामो में यह खेल कार्यालय समय में मौजूद रहने वाले अनाधिकृत व्यक्तियों और विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से बदस्तूर जारी है । अब देखना है कि नवागंतुक सब रजिस्ट्रार इस खेल पर विराम लगा पाएंगे अथवा सरकारी राजस्व को चूना लगा करके अपनी जेबे भरने का यह कारनामा चलता रहेगा ।

## नगर निगम की जर्जर इमारत की छत का प्लास्टर गिरने से मचा हड़कंप



संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद।नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को छत से अचानक प्लास्टर गिरने के कारण हड़कंप मच गया। हादसे में महिला समेत कई कर्मचारी बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे यहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। हादसे के बाद विभागीय कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। हादसा दोपहर लगभग 12 बजे का बताया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में इस समय जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जाता है। महत्वपूर्ण विभाग होने के कारण कार्यालय में हर समय गहमा-गहमी का माहौल रहता है। जिस समय कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम दे रहे थे उसी समय अचानक छत से प्लास्टर के बड़े-बड़े टुकड़े जिसमें कुछ ईंट भी शामिल थी नीचे गिरना शुरू हो गए। मलवा गिरते देख कर्मचारी अपनी कुर्सियां छोड़ कर भागने लगे। इसमें एक महिला भी शामिल थी। चीख पुकार मचने से आसपास कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारी भी आ गए। किसी के घायल न होने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में जानकारी मिलने पर निर्माण विभाग के अवर अभियंता विभोर कुमार भी मौके पर पहुंचे जिन्होंने स्थिति का जायजा लिया। अवर अभियंता ने हादसे से मुख्य अभियंता मनीष कुमार सिंह को भी अवगत करा दिया। हाल ही में महापौर कामिनी राठौर एवं नगर आयुक्त घनश्याम मीणा को भी क्षतिग्रस्त छत के बारे में अवगत कराया था।

## फिरोजाबाद के रैपुरा रोड़ पर नारकीय हालात, लोगों का निकलना हुआ दूभर



संवाद न्यूज माधव संदेश। फिरोजाबाद के नारखी ब्लॉक के रैपुरा गांव के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां पक्की सड़क ना होने से आवागमन अवरुद्ध बना हुआ है, लेकिन जनपद में बैठे अधिकारी इस ओर ध्यान देना नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों के सामने भी समस्या की बात रखी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। गांव के सभी रास्ते कच्चे हैं और नालियां नहीं हैं। ऐसी स्थिति में गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है और यह कीचड़ का रूप ले लेता है। जिससे रास्तों से निकलना दूभर होता है। पैदल निकलने वाले लोग व वाहन यहां फिसलते हैं, जिससे लोग हर रोज चोटिल होते हैं। स्कूली समय में छात्र इस मार्ग पर सबसे अधिक परेशान होते हैं। क्योंकि कीचड़ भरे रास्तों से निकलते समय उनकी ड्रेस भी खराब हो जाती है। वहीं, गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। ग्रामीणों ने कई बार एक जुट होकर इस संबंध में शिकायत की है, लेकिन सड़कें बनवाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं हो सके हैं। गांव के भरत सिंह, नेमसिंह, मंजू देवी और रणवीर ने बताया कि जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी होती है। कीचड़ होने की वजह से स्कूल के बच्चों के कपड़े खराब हो जाते। कई बार ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिला पंचायत राज अधिकारी फिरोजाबाद नीरज सिन्हा ने बताया कि जिन गांव में जलभराव की समस्या है। वहां के ग्राम पंचायत सचिवों को आदेशित किया गया है कि समस्या का समाधान कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी फिरोजाबाद नीरज सिन्हा ने बताया कि जिन गांव में जलभराव की समस्या है। वहां के ग्राम पंचायत सचिवों को आदेशित किया गया है कि समस्या का समाधान कराएं।

### अग्निशचेतकों को एसपी सिटी ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



फिरोजाबाद। महानिदेशक, अग्निशमन तथा आपात सेवा उ.प्र. लखनऊ द्वारा निर्देशो के अनुपालन में फिरोजाबाद ब्लॉक के अग्नि सचेतकों को क्रियान्वित करने हेतु उनसे व्यक्तित सम्पर्क कर फायर स्टेशन फिरोजाबाद पर अग्निसुरक्षा जीवरक्षा फायर उपकरण इत्यादि से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनपद के कुल नौ ब्लॉकों में 980 (पुरुष तथा महिला) अग्निसचेतक बनाए गए थे। बुधवार को फिरोजाबाद ब्लॉक में 203 अग्नि सचेतकों को अग्नि से बचाव एंव जीवरक्षा से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान कर अग्निशचेतकों को एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। वहीं जनपद के अन्य फायर स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ब्लाकों में फायर स्टेशन प्रभारियों द्वारा पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त अग्निसचेतकों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर अग्निसचेतकों को क्रियान्वित करने हेतु लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### जिले में मुनक्का चूर्ण के नाम से बिक रहे नशीले पदार्थ

फिरोजाबाद। शहर में कई दुकानों मुं मुनक्का वटी एवं मुनक्का गोली की ब्रिकी धड़ल्ले से हो रही है। इन्हें आयुर्वेदिक कहा जाता है, जबकि इन पर आयुष विभाग ने ही प्रतिबंध लगा दिया हैं। इसके साथ में अधिकारियों को शासन से निर्देश मिले है कि इनके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएं। आयुर्वेदिक औषधि के नाम पर जिले में मुनक्का वटी, मुनक्का गोली एवं मुनक्का चूर्ण की बिक्री हो रही है। बताया जाता है कि यह नशीले है। इनके पाउच की बिक्री शहर की गली मौहल्लों में परचून की दुकानों पर भी हो रही है। आयुष विभाग ने भी माना है कि इनके सेवन से युवाओं के साथ-साथ किशोर एवं स्कूली छात्र भी नशे के आदी हो रहे है। आयुष विशेषज्ञों की मानें तो इसका सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शासन ने नशीली भांग युक्त औषधियों के निर्माण एवं बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया। वहीं इनकी बिक्री एवं निर्माण करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### बाइक सवार दंपति के साथ अपाचे सवार बदमाशों ने दिन दहाड की लूट

**फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला मनी निवासी अमोल कुमार पत्नी संगीता के साथ 28 जून को रोहता आगरा निवासी अपनी बहन के घर गए थे। बुधवार दोपहर एक बजे वह वह दोनों बाइक द्वारा वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी थाना टूंडला क्षेत्र के हाइवे स्थित मां वैष्णों देवी धाम के समीप पीछे से आए अपाचे सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रुकवा लिया और पत्नी के हाथ में लगे बैग को छींनने लगे, छीना झपटी में संगीता बाइक से नीचे सड़क पर गिर गई जिससे वह घायल हो गई। बदमाश बैग छींनकर फिरोजाबाद की ओर भाग गए। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि बाइक सवार दंपति से लूट की वारदात हुई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना स्थल के आसकृपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।**

## अफसरों को बांटे गए लक्ष्य, भरवाएं कन्या सुमंगला के फॉर्म ताकि जिले की प्रगति में हों सके इज़ाफ़ा




संवाद न्यूज माधव संदेश फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में फिरोजाबाद जनपद की लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर शासन गंभीर है। शासन ने इसके लिए अब जिले में विभागवार लक्ष्य तय कर दिए हैं, ताकि जिले की प्रगति में इजाफा हो सके। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने भी सभी अधिकारियों को पत्र जारी कर ज्यादा से ज्यादा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत पात्र बेटियों के ऑनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को बालिका के जन्म पर एवं बालिका के एक वर्षीय टीकाकरण पर 250-250 आवेदन फॉर्म भरवाने होंगे। साप्ताहिक लक्ष्य 36 रखा गया है। वहीं बाल विकास एवंपुष्टाहार विभाग को बालिका के जन्म पर एवं बालिका के एक वर्षीय टीकाकरण पर 150-150 फॉर्म भरवाने होंगे। इनका साप्ताहिक लक्ष्य 21-21 रखा गया है। बेसिक शिक्षा विभाग को भी लक्ष्य सौंपा गया है। बीएसए को निर्देश दिए हैं कि बालिका के कक्षा एक में प्रवेश लेने एवं कक्षा छह में प्रवेश लेने पर हर सप्ताह 86-86 फॉर्म भरवाने हैं। महीने में करीब 600 फॉर्म भरवाने हैं। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक को पंचम एवं षष्ठम चरण की जिम्मेदारी सौंपी है। पांचवे चरण में कक्षा नौ में प्रवेश पर महीने में 2500 तथा छठवें चरण में इंटर के बाद दो वर्षीय डिप्लोमा या डिग्री में प्रवेश लेने पर 2500 प्रवेश कराने होंगे। इसका साप्ताहिक लक्ष्य 357 रखा गया है।

### कल्याण मित्र फाउंडेशन ने बौद्ध भिक्षुओं की पदयात्रा का किया स्वागत



फिरोजाबाद। कल्याण मित्र फाउंडेशन के तत्वावधान में जिला मुख्यालय निरीक्षण भवन के समीप समाजसेवी राधेश्याम कुशवाह के निवास पर बौद्ध भिक्षुओं की पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही स्वल्पहार भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य बौद्ध भिक्षु ने साधकों एवं उपासकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बौद्ध के मार्ग पर जो भी चला है। उसकी तरक्की की है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हम सब साधकों एवं उपासकों को बुद्ध की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश कुशवाह ने कहा कि भगवान बुद्ध का त्यागमय जीवन व उनके उत्कृष्ट विचार एवं मानवतापूर्ण शिक्षा हम सभी को अनंत काल तक प्रेरित करती रहेगी। जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाह ने सभी बौद्ध भिक्षु, उपासकों एवं आंगुतकों का आभार प्रकट किया। डॉ ज्ञान सिंह, डॉ शिवकुमार एवं प्रशांत ने बुद्ध के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान रामगोपाल फौजी, ललित शाक्य, साहब सिंह शाक्य, राजबहादुर, रामजी लाल, प्रशांत, पूरन सिंह, मनोज कुमार, डॉ रनवीर सिंह शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# चलती बाइक से पर्स छीना,सड़क पर गिरकर महिला हुई घायल



संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद।थाना टूंडला क्षेत्र में बुधवार दोपहर अपाचे सवार बदमाशों ने बाइक सवार महिला का पर्स लूट लिया। पर्स छीनने के दौरान महिला बाइक से गिर पड़ी। वहां अपने पति के साथ आगरा से जसराना घर जा रही थी। वारदात को अंजाम देकर बाइक सवार तीन लुटेरे फरार हो गए। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।

उनकी बाइक के पास एक अपाचे आ गई थाना जसराना के गांव नगला मनी निवासी संगीता 28 वर्ष पत्नी अमोल आगरा अपनी बहन के यहां गई थी। संगीता अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर दोपहर को वापस घर जा रही थी । उसायनी के समीप अचानक उनकी बाइक के पास एक अपाचे आ गई। उस पर तीन युवक सवार बताए जा रहे हैं। पीछे बैठे युवक ने महिला के हाथ से पर्स छीना। कुछ देर तक महिला ने पर्स नहीं छोड़ा। छीना झपटी में वह बाइक से नीचे गिर पड़ी। महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई बाइक सवार लुटेरे उसका बैग लूट कर भाग गए। बैग में 10500 रुपये नगद, मंगलसूत्र, अंगूठी, पाजेब और दो मोबाइल बताए जा रहे हैं। बाद में वहां कुछ लोग एकत्रित हो गए। महिला को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर भिजवाया। दिनदहाड़े हाईवे पर वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। सीओ टूंडला अनिमेष कुमार का कहना है कि अपाचे सवार महिला का पर्स छीनकर ले गए हैं। महिला गिरकर घायल हो गई। वही अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत मौढ़ा में जन चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याऐं




फिरोजाबाद। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा करने व विकास कार्यों की स्थिति जानने एवं स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के उददेश्य से जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बुधवार को विकास खण्ड फिरोजाबाद की ग्राम पंचायत मोढ़ा में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ उज्जवल गुप्ता ने जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए वर्षा काल में संचारी रोग व वैक्टेरियाजनक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए विस्तार से समझाया। उन्होने कहा कि कहीं भी पानी एकत्रित न हाने पाऐ, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, कहीं भी ऐसी चीजें न रखें जिससे मच्छर पैदा हो। उन्होने कहा कि बरसात के मौसम में अगर पानी शुद्ध नही है तो संक्रामक रोंग जैसे डायरिया आदि रोगों का खतरा बढ़ जाता है। पानी जब भी पीए उसको उबाल कर व ठण्डा करके पीऐं। उन्होने आशा व एएनएम को निर्देश दिए कि घर पर कोई प्रसव न हो और गर्भवती महिलाओं व बच्चों को टीका अवश्य लगवाऐं। उन्होने महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वंय सहायता समूहों को सक्रिय करने पर जोर दिया और कहा कि महिलाऐं सक्रिय होकर अपने समूह की आय बढाऐं। उन्होने मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक वृहद कैम्प लगाकर सभी पात्रों के ऑनलाइन आवेदन कर लाभान्वित करें। गांव में आयोजित चौपाल के दौरान खाद्य प्रसंस्करण, समाज कल्याण, आयुष्मान कार्ड, विकलांग कल्याण, विद्युत, चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कैम्प लगाकर लोगों को जानकारी दी गयी। जनचौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने धात्री महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार से भरी टोकरी देकर गोद भराई रस्म पूरी की। इसके साथ उन्होने छः माह पूरे कर चुके बच्चों को अपने हाथों से खीर खिलाकर अन्नप्रासन्न कराया। चौपाल में डीपीआरओ नीरज सिन्हा, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, उप निदेशक कृषि, एडीओ पंचातय सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# अजित अगरकर इंडियन क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर बने

## स्टिंग ऑपरेशन के कारण हटे चेतन शर्मा की जगह ली; वर्ल्ड-कप टीम सबसे बड़ी चुनौती




मुंबई पूर्व तेज गेंदबाज अजित अगरकर टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी के नए चेयरमैन बनाए गए हैं। BCCI ने मंगलवार रात को जारी एक मीडिया ब्रीफ में इसका ऐलान किया। बोर्ड ने लिखा, 'अगरकर को टेस्ट मैचों में सीनियॉरिटी के आधार पर चीफ सिलेक्टर बनाया गया है।'

### दिल्ली कैपिटल्स ने रिलीज किया

डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने अगरकर को अपनी टीम के असिस्टेंट कोच के पद से रिलीज कर दिया। इसके ठीक बाद पूर्व तेज गेंदबाज ने सिलेक्शन कमेटी के सदस्य पद के लिए अप्लाय किया। बीसीसीआई ने उम्र सीमा कम घटाई - चेतन शर्मा के जाने के बाद सिलेक्शन कमेटी में एक पद खाली था। बीसीसीआई ने इस पोस्ट के लिए एप्लिकेशन उम्र सीमा कम कर दी। पहले यह 60 साल थी, लेकिन नई एज लिमिट 45 साल कर दी गई, जिस कारण 45 साल के अगरकर को कमेटी का हिस्सा बनने का मौका मिला।

### 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं

अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे - अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। वनडे में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय - अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बॉल पर अर्धशतक जमाया था। चेतन शर्मा की जगह ली है। सिलेक्टर चेतन शर्मा का स्टिंग ऑपरेशन किया था, जिसमें वे कह रहे थे कि टीम इंडिया के खिलाड़ी फिट रहने के लिए इंजेक्शन लेते हैं।

## एशेज सीरीज से बचे हुए मैचों से बाहर हुए ऑली पॉप

**लीड्स।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के उप-कप्तान ओली पॉप चोटिल होने के कारण एशेज सीरीज के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान ओली का दाहिना कंधा खिसक गया था। इससे वह अब बचे हुए तीन टेस्ट नहीं खेल पायेंगे। इस क्रिकेटर का बाहर होना मेजबान टीम के लिए करारा झटका है। ओली के कंधे की सर्जरी होनी है। ऐसे में अब वह लंबे समय तक खेल से दूर रहेंगे। गत सप्ताह दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह 25 वर्षीय बल्लेबाज क्षेत्ररक्षण करते समय गिर गया था जिससे उनका कंधा चोटिल हो गया था। इसके बाद तीसरे दिन दूसरी पारी के दौरान उनकी चोट और बढ़ गई।

## पांच बार विश्वकप में भारत-पाक का नहीं हुआ मुकाबला

**मुम्बई।** इस साल अक्टूबर और नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में प्रशंसकों को दोनो देशों के बीच होने वाले मुकाबले का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसका कारण ये है कि भारत-पाक का मुकाबला बेहद रोमांचक होता है पर क्या आप जानते हैं अब तक पांच बार ऐसा हुआ है जब विश्वकप में ये दोनो ही टीमें आमने-सामने नहीं आयीं थीं। शुरुआत के 4 विश्वकप और एक बार 2007 में ऐसा हुआ था। भारत और पाकिस्तान के बीच साल 1992 के बाद से से ही विश्वकप में मुकाबले हुए हैं।

## इमर्जिंग एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे यश

**मुंबई।** भारतीय अंडर-19 टीम के कप्तान रहे बल्लेबाज यश ढुल को 13 से 23 जुलाई के बीच होने वाले इमर्जिंग एशिया कप 2023 के लिए भारत-ए का कप्तान बनाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका के कोलंबो में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिये अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान बनाया है। यश की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने 2021 में अंडर-19 विश्व कप जीता था। भारत-ए टीम में बल्लेबाज साई सुदर्शन, रियान पराग, प्रभसिमरन सिंह और ध्रुव जुरेल को भी शामिल किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों ने आईपीएल के 16 वें सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। सितांशू को टीम का कोच बनाया गया है, मोहित अतिरिक्त खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ रहेंगे।

# फुटबॉल टीम सैफ चैंपियन, टॉप-100 रैंकिंग में वापसी- किंग्स कप-एशियाड अगली चुनौती, वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स में भी उम्मीद बढ़ी

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारतीय फुटबॉल टीम ने सीजन में धमाकेदार आगाज किया है। टीम ने पिछले एक महीने में 3 बड़े अचीवमेंट हासिल कर लिए। सुनील छेत्री की कप्तानी में टीम इंडिया ने अपने इंटरनेशनल कैंपेन की शुरुआत इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतकर की। फिर फीफा की टॉप-100 रैंकिंग में 5 साल बाद वापसी और मंगलवार रात को तीसरी बार साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप के टाइटल का सफल बचाव किया। भारत ने फाइनल में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। ऐसे में जानना जरूरी है कि क्या साल 2023 भारतीय फुटबॉल के लिए गेमचेंजर साबित होगा। क्या इस साल की सफलताएं भविष्य में भारतीय फुटबॉल को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाएंगी। दिसंबर 1992 में फीफा का रैंकिंग सिस्टम शुरू होने के बाद भारतीय टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन का एनालिसिस आगे स्टोरी में हम जानेंगे।

### 1. घर लौटा इंटरकॉन्टिनेंटल कप, लेबनान को 46 साल बाद हराया



18 जून को टीम इंडिया ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप अपने नाम किया। यह कप 5 साल बाद घर आया। इससे पहले भारतीय टीम 2018 में चैम्पियन बनी थी। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय टीम ने फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराया। भारत ने लेबनान को 46 साल बाद हराया। टीम इंडिया ने इससे पहले लेबनान को प्रेसिडेंट कप में 1977 में हराया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2018 में हुई थी। भारत ही इसे हर बाद होस्ट करता है। टीम ने 3 सीजन में 2 बार खिताब जीता है।

### 2. अपनी चौथी बेस्ट रैंकिंग में पहुंचा भारत

इंटरकॉन्टिनेंटल कप के बाद भारत को FIFA रैंकिंग में फायदा हुआ और टीम अपने इतिहास की चौथी बेस्ट रैंकिंग पर पहुंच गई। टीम ने 5 साल बाद टॉप-100 रैंकिंग में वापसी की थी, जो बताता है कि टीम पिछले कुछ समय से अपना बेस्ट फुटबॉल खेल रही है।

### 3. 9वीं बार साउथ एशियन चैम्पियन बना भारत

भारतीय टीम 9वीं बार साउथ एशियन चैम्पियन बनी है। फुल टाइम और एक्स्ट्रा टाइम में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद टीम ने कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। 2023 से पहले भारतीय टीम गोल खाने के बाद कमजोर पड़ जाती थी, लेकिन SAFF फाइनल में भारत ने अपना नया रूप दिखाया।

# क्रिकेटर प्रवीण कुमार कार एक्सीडेंट में बाल-बाल बचे- हाईवे पर ट्रक ने टक्कर मारी




**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार की कार का एक्सीडेंट हो गया। मंगलवार रात को प्रवीण अपने बेटे के साथ मेरठ जा रहे थे। तभी हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रवीण की कार बुरी तरह डैमेज हुई है। प्रवीण को कोहनी में चोट आई, वहीं उनके बेटे को भी हल्की चोटें आईं। 36 साल के प्रवीण मंगलवार देर रात को अपने बेटे के साथ लैंड रोवर कार में सवार थे। वह पांडव नगर से मेरठ जा रहे थे, तभी हाईवे पर एक ट्रक तेज रफ्तार से आई और उन्हें टक्कर मार दी। दोनों को ज्यादा चोटें नहीं आईं, हॉस्पिटल में उन्हें ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक्सीडेंट के बाद न्यूज एजेंसी PTI को प्रवीण ने बताया, 'एक्सीडेंट खतरनाक हो सकता था, लेकिन भगवान की दया से हम बच गए। मैं अपने बेटे को छोड़ने के लिए जा रहा था, तभी रात 9-30 बजे के करीब एक ट्रक ने मेरी कार को पीछे से टक्कर मार दी। अच्छा हुआ कार बड़ी थी तो हम बच गए, हमें ज्यादा चोटें भी आ सकती थीं। पहले मुझे लगा कि सिर्फ बम्पर टूटा है, लेकिन मेरी कार बुरी तरह से टूट गई है।' प्रवीण कुमार का दूसरी बार कार एक्सीडेंट हुआ है।

# मणिपुरी फुटबॉलर मेडल सेरेमनी में मैतेई झंडा लेकर पहुंचा- कहा- 2 महीने से हिंसा जारी, शांति चाहिए; यूजर्स बोले- ये राजनीति



साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप जीतने वाली इंडियन फुटबॉल टीम के प्लेयर जीक्सन सिंह ने अवॉर्ड सेरेमनी में मणिपुर झंडा लपेटा। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। यूजर्स का कहना है कि इंडिया को रिप्रेजेंट करते वक्त ऐसा झंडा इस्तेमाल करना ठीक नहीं। जीक्सन राजनीति कर रहे, उन पर एक्शन लिया जाए। टीम इंडिया के मिडफील्डर जीक्सन सिंह मणिपुर से ही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर सफाई दी है। उन्होंने कहा- अवॉर्ड सेरेमनी में झंडा ले जाने के पीछे मेरा मकसद किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। मणिपुर में 2 महीने से हिंसा जारी है। अब शांति चाहिए। टीम इंडिया ने मंगलवार को बेंगलुरु में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर SAFF चैंपियनशिप जीती। मेडल सेरेमनी में विजेता टीम इंडिया के सभी प्लेयर्स मेडल लेने पहुंचे, यहां जीक्सन सिंह मैतेई समुदाय का झंडा लेकर पहुंच गए थे। जीक्सन ने 7 रंगों का झंडा ओढ़ा। ये मणिपुर के मैतेई समाज का प्रतीक है। राज्य में मैतेई और कुकी समाज के बीच हिंसा चल रही है। सोशल मीडिया पर फैंस बोले- ये प्रोफेशनलिज्म नहीं, क्षेत्रीय फ्लैग लाने पर कई फैंस ने सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना की।

# पीवी सिंधु की रैंकिंग 3 पायदान गिरी- 12वीं से 15वीं रैंक पर पहुंची



**स्पोर्ट्स डेस्क।** डबल ओलंपिक मेडल विनर पीवी सिंधु मंगलवार को जारी नई विमेंस सिंगल्स बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रैंकिंग में तीन स्थान फिसलकर 15वें स्थान पर आ गई। सिंधु इस साल अपील में एलिट टॉप 10 से बाहर हो गई थी। सिंधु के अब 13 टूर्नामेंटों में 51,070 अंक हैं। विमेंस सिंगल्स में जापान की अकाने यामागुची 1 लाख 03 हजार 717 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। सबसे ज्यादा 13 हजार पॉइंट्स वर्ल्ड चैंपियनशिप और ओलिंपिक जीतने पर मिलते है। टोटल पॉइंट्स आधार पर वर्ल्ड रैंकिंग तय होती है। विनर के अलावा, फाइनलिस्ट, सेमीफइनलिस्ट से ले कर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले शटलर्स को भी ग्रेड और पायदान के हिसाब से पॉइंट्स दिए जाते है। जिसके ज्यादा पॉइंट्स होते है, वह ऊपर होता है। 27 वर्षीय सिंधु इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेंगी, कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के बाद सिंधु को टखने में फ्रैक्चर हो गया था। पांच महीने की लंबी चोट के बाद सिंधु ने वापसी की थी। सिंधु के लिए इस सीजन बेस्ट परफॉरमेंस मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 का फाइनल और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 का सेमीफाइनल रहा है। इसके अलावा सिंधु कुछ खास नहीं कर कर सकी है।

### भारत से सात्विक-चिराग की बेस्ट रैंक

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी दुनिया के तीसरे नंबर के टॉप भारतीय मेंस डबल्स खिलाड़ी हैं। आठवें स्थान पर काबिज एचएस प्रणय मेंस सिंगल्स में टॉप रैंकिंग वाले भारतीय हैं, जबकि लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत क्रमशः 19वें और 20वें स्थान पर हैं। महिला डबल्स में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर हैं।पीवी सिंधु ने इस सीजन एक भी टूर्नामेंट नहीं जीता है।

# एशियाड से पहले डोप में फंसी आधी भारतीय जूडो टीम



**भोपाल।** हांगझोऊ एशियन गेम्स से पहले भारतीय जूडो टीम में डोपिंग का बड़ा मामला सामने आया है। टीम के 5 खिलाड़ी डोप टेस्ट में फेल हो गए हैं। अंग्रेजी अखबार न्यू इंडियन एक्सप्रेस ने दावा किया है कि 4 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित ट्रायल्स में इन सभी के सैंपल लिए गए हैं। जिनकी जांच रिपोर्ट अब आई है। रिपोर्ट आने के बाद 5 खिलाड़ियों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन इस मामले में भारतीय ओलिंपिक संघ और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को हिला कर रख दिया है। इस पर टीम इंडिया के चीफ कोच यशपाल सोलंकी ने कहा है कि हमें रिपोर्ट के माध्यम से मामले की जानकारी लगी।

## कारोबार

# भारत में गैर संचारी रोगों में वृद्धि, मधुमेह उच्च रक्तचाप मोटापा और डिस्लिपिडेमिया जैसी गैर-संचारी बीमारियों की भारी समस्या



**नयी दिल्ली।** यह तथ्य 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 20 वर्ष से अधिक आयु के 33,537 ग्रामीण और 79,506 शहरी लोगों के एक सर्वेक्षण से सामने आया है बादाम एक ऐसा भोजन है जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की अपार क्षमता रखता है। बादाम 15 आवश्यक पोषक तत्वों जैसे स्वस्थ वसा, डाइटरी फाइबर, प्रोटीन, विटामिन ई, जस्ता, तांबा, मैग्नीशियम, कैल्शियम और फास्फोरस का एक प्राकृतिक स्रोत हैं। कई अध्ययनों से संकेत मिला है कि बादाम को संतुलित आहार में शामिल करने से हृदय स्वास्थ्य, कोलेस्ट्रॉल में कमी, रक्त शर्करा और वजन प्रबंधन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा, बादाम में तृप्ति देने वाले गुण होते हैं जो पेट भरा होने की फीलिंग देते हैं, जिससे भोजन के बीच भूख को मैनेज करने में मदद मिल सकती है और अस्वास्थ्यकर भोजन की लालसा से बचा जा सकता है। भारत में गैर-संचारी रोगों में हालिया वृद्धि के बारे में बात करते हुए, फिटनेस विशेषज्ञ और सेलिब्रिटी मास्टर प्रशिक्षक, यास्मीन कराचीवाला ने कहा यह काफी चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वृद्धि हुई है। मैं उन खाद्य पदार्थों का चयन करने की भी सलाह देता हूं जो पोषण के प्राकृतिक स्रोत हैं और ऐसी किसी भी चीज से दूर रहें जो अधिक प्रोसेस्ड हैं। रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाना एक छोटी लेकिन अच्छी शुरुआत हो सकती है। जहां तक इसकी पोषण प्रोफाइल की बात है, बादाम प्रोटीन, फाइबर का एक समृद्ध स्रोत हैं और इनमें हैल्दी फैट होता है जो हृदय के लिए अच्छा है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों या स्नैक्स की जगह मुट्ठी भर बादाम लेना स्वस्थ जीवन की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने का एक अच्छा तरीका हो सकता है। नियमित रूप से बादाम खाने के एक से बढ़कर एक फायदे होते हैं। यह मेवा न केवल आपको लंबे समय तक तृप्त रखता है, बल्कि यह ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी प्रदान करता है।

# ट्रायम्फ की सबसे सस्ती बाइक स्पीड 400 डुओ लॉन्च- बजाज-ट्रायम्फ की पार्टनरशिप में पहली मेड-इन-इंडिया बाइक, प्राइस 2.33 लाख



बजाज ऑटो और ट्रायम्फ की पार्टनरशिप में डेवलप स्पीड 400 को आज (5 जुलाई) भारत में लॉन्च कर दिया गया है। कंपनी की पहली मेड-इन-इंडिया बाइक की कीमत 2.33 लाख रुपए (पेन इंडिया, एक्स-शोरूम) है। ये प्राइस इट्रोडक्टरी हैं, जिसका फायदा पहले 10 हजार कस्टमर को मिलेगा। इसके बाद बाइक के प्राइस बढ़ जाएंगे। कंपनी ने 27 जून को मेड-इन-इंडिया स्पीड 400 डुओ और स्क्रैम्बलर 400 ङ्ग को लंदन में अनवील किया था। ये भारत में सबसे किफायती ट्रायम्फ मोटरसाइकिल है। स्क्रैम्बलर 400 ङ्ग को बाद में लॉन्च किया जाएगा। ट्रायम्फ ने ऑफिशियल वेबसाइट पर दोनों बाइक की बुकिंग शुरू कर दी है। बायर्स 2000 रुपए में बाइक बुक कर सकते हैं, जो फुली रिफंडेबल है। भारत में बाइक का मुकाबला BMW G 310 R (2.85 लाख रुपए), हार्ले डेविडसन की 440 X (2.90 लाख रुपए) , केटीएम ड्यूक 390 (2.97 लाख रुपए) और रॉयल इनफील्ड इंटरसेप्टर 650 (3.03 लाख रुपए) से होगा। ट्रायम्फ स्पीड 400 में 398.15 ष्ट का लिक्विड-कूल्ड, 4 वाल्व, DOHC, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया है, जिसे 6 स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया है। यह इंजन 8,000 RPM पर 39.5 bhp का पावर और 6,500 ह्म्श्चद्व पर पीक टॉर्क जनरेट करता है।

### ट्रायम्फ स्पीड 400 और स्क्रैम्बलर 400 ङ्ग हार्डवेयर और फीचर्स

कंपनी ने दोनों बाइक को ट्यूबलर स्टील से बने हाइब्रिड स्पाइन/पैरिमीटर फ्रेम पर तैयार किया है। कंपनी का दावा किया है कि दोनों बाइक को एक डेडिकेटेड चेसिस और सस्पेंशन सेटअप के साथ तैयार किया है। स्पीड 400 के फ्रंट और रियर में 17-इंच का अलॉय व्हील और स्ट्रीट स्क्रैम्बलर 400 X के फ्रंट में 19-इंच और रियर में 17-इंच का अलॉय व्हील दिया गया है। फीचर्स की बात करें तो दोनों बाइक में ऑल-स्रुष्ठ लाइटिंग, स्विचेबल ट्रैक्शन कंट्रोल, डुअल-चैनल एबीएस, एक इम्मोबिलाइजर, एक असिस्ट क्लच, एक टाइप-ष्ट चार्जिंग पोर्ट और सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंटेशन दिए गए हैं। इसके साथ ही एक एनालॉग टैकोमीटर दिया गया है, जिसके बगल में स्क्रीन पर एक डिजिटल टैकोमीटर, एक गियर पोजीशन इंडिकेटर दिए गए हैं।

# जुलाई को लॉन्च होगा थ्रेड- ट्विटर को टक्कर देगा



**नयी दिल्ली।** मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग का इंस्टाग्राम एक नए ऐप पर काम कर रहा है। ये एलन मस्क के ट्विटर को टक्कर देगा। इसका नाम थ्रेड है जो 6 जुलाई को लॉन्च होगा। लॉन्च से पहले ऐप एपल स्टोर पर दिखाई दिया है। अपकमिंग थ्रेड्स एक टेक्स्ट-बेस्ड कन्वर्सेशन ऐप होगा। जैसे ट्विटर में कैरेक्टर लिमिट है वैसे ही थ्रेड में भी होगी। ऐप स्टोर पर मौजद डिटेल्स से पता चलता है कि यूजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट का इस्तेमाल करके थ्रेड्स में लॉग इन कर सकेंगे। यूजर इंस्टाग्राम पर जिसे फॉलो करते हैं वो उन्हें थ्रेड पर भी फॉलो कर सकेंगे। इसके अलावा थ्रेड्स ऐप की कोई और डिटेल्स अभी तक सामने नहीं है। इस साल जनवरी से प्रोजेक्ट 92 के तहत मेटा इस ऐप को डेवलप कर रहा है। ऐप के डिस्क्रिप्शन में लिखा है कि कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा करने के लिए एकसाथ आ सकती हैं। इसके जरिए आप अपने फेवरेट क्रिएटर्स के साथ कनेक्ट हो सकते हैं। अपने आइडिया और ओपिनियन को शेयर कर आप अपनी एक लॉयल फॉलोइंग भी बिल्ड कर सकते हैं। ये ऐप आपकी फाइनेंशियल इंफो, कॉन्टेक्ट इंफो जैसा डेटा कलेक्ट करेगा। बीते दिनों जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने ट्विटर जैसा प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की बात कही थी।

# हार्ले-डेविडसन की सबसे सस्ती बाइक की बुकिंग ओपन



**नयी दिल्ली।** हार्ले-डेविडसन की पहली मेड-इन-इंडिया बाइक 'हार्ले-डेविडसन X440' की आज (4 जुलाई) से बुकिंग शुरू हो गई है। कंपनी ने इसे 3 जुलाई को भारत में लॉन्च किया था। हार्ले-डेविडसन की ये एंट्री लेवल बाइक कंपनी की सबसे सस्ती और रोडस्टर क्रूजर बाइक है। कंपनी ने बाइक को तीन वैरिएंट में पेश किया गया है। इसकी शुरुआती कीमत 2.29 लाख रुपए (पेन इंडिया, एक्स-शोरूम) है। अमेरिकी कंपनी ने हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर इस बाइक को डेलवप किया है। दोनों कंपनी ने 2021 में पार्टनरशिप की घोषणा की थी।

# पाकिस्तानी महिला सीमा प्रेमी के पास भारत आई, हरियाणा से गिरफ्तार

## पहला पति छोड़ा, 4 बच्चे साथ लाई; पबजी खेलते समय हुआ था प्यार



**जेवर/नोएडा।** प्रेमी के पास भारत आई पाकिस्तानी महिला को नोएडा पुलिस ने हरियाणा के बल्लभगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। महिला को भारतीय युवक से पबजी खेलते हुए प्यार हुआ था, जिससे बाद वह अपने पहले पति को छोड़कर चार बच्चों के साथ भारत आ गई। ग्रेटर नोएडा के DCP शाद मियां खान ने बताया- महिला सीमा मूलरूप से पाकिस्तान के खैरपुर सिंध प्रांत की रहने वाली है। अभी वह कराची में रह रही थी। महिला के प्रेमी सचिन और उसके पिता नेत्रपाल को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला है कि सीमा 5वीं तक पढ़ी है। 2020 में लॉकडाउन के दौरान पति काम के लिए सऊदी चला गया, तभी PUBG गेम से सीमा और सचिन संपर्क में आई। इसके बाद उसने इंटरनेट के जरिए पाकिस्तान से भारत आने का रास्ता तलाश किया। उसे सबसे बेहतर विकल्प नेपाल का मिला। 2023 में दोनों काठमांडू में 7 दिन तक साथ रहे। इसके बाद सीमा दोबारा नेपाल का टूरिस्ट वीजा लेकर 4 बच्चों के साथ नेपाल आई। उसने पुलिस को बताया- वह हमेशा के लिए सचिन के साथ भारत में शिफ्ट होना चाहती थी। मार्च में सचिन से नेपाल में अकेले मिलने आई थी। वहीं पर सचिन के साथ रहने की बात हुई थी। इसके बाद इन लोगों की नेपाल में ही एक-दो बार और मुलाकात हुई।

### सीमा का एक भाई पाकिस्तान आर्मी में बताया जा रहा

सीमा की पहली शादी 2014 में हुई थी। पति गुलाम हैदर से सीमा के 4 बच्चे हैं। वह टाइल्स लगाने का काम करता है। सीमा का एक भाई पाकिस्तान आर्मी में बताया जा रहा है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। इसके अलावा सीमा के पास से 2 वीडियो कैसेट, 4 मोबाइल, 1 सिम, 1 टूटा हुआ मोबाइल, 4 बर्थ सर्टिफिकेट, 3 आधार कार्ड, एक गवर्नमेंट ऑफ पाकिस्तान नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी मिनिस्ट्री ऑफ इंटीरियर की सूची, 6 पासपोर्ट, 5 वैक्सीनेशन कार्ड, 1 बस का टिकट पोखरा (काठमांडू) से दिल्ली का बरामद हुआ है।

### अब जानिए पूरा मामला

पाकिस्तानी महिला सीमा का ऑनलाइन गेम से नोएडा के रहने वाले सचिन से अफेयर हो गया। दोनों की 3 साल तक आपस में बातचीत हुई। सीमा नेपाल के रास्ते 4 बच्चों को लेकर नोएडा पहुंच गई। दोनों डेढ़ महीने से ज्यादा समय से पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। लेकिन, एक वकील के जरिए इस बात की सूचना पुलिस तक पहुंच गई। पुलिस पहुंची, तो वहां सिर्फ सचिन मिला। जबकि महिला बच्चों के साथ वहां से निकल गई थी। इसके बाद पुलिस ने महिला को पकड़ लिया। सीमा ने बताया- जब मैंने सचिन के साथ रहने का फैसला लिया, तो बच्चों का वीजा-पासपोर्ट बनवाने के पैसे नहीं थे, लेकिन इंडिया आना था। इसलिए कराची में ही अपना एक प्लॉट 12 लाख रुपए में बेच दिया। इन पैसों से अपना और चारों बच्चों का वीजा-पासपोर्ट बनवाया। इसके बाद एक ट्रैवल एजेंसी से संपर्क किया। ट्रैवल एजेंट ने नेपाल के 5 टिकट अरेंज कराए। इसके जरिए मैं बच्चों को लेकर नेपाल पहुंची। नेपाल में 10 मई को पहुंचने के बाद मैंने वहां से दिल्ली के लिए बस पकड़ी। रास्ते में बस में सवार लोगों से हॉटस्पॉट के जरिए इंटरनेट कनेक्ट करके वॉट्सऐप कॉल के जरिए सचिन से बात करती रही। सचिन ने मुझे जेवर तक आने का पूरा रास्ता बताया। तब जाकर मैं दिल्ली के रास्ते सचिन के पास जेवर आई।

# व्हाइट हाउस से मिला सफेद पाउडर कोकीन निकला- बाइडेन के बेटे हंटर पर शक, जो खुद ड्रग्स लेने की बात कबूल कर चुके हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के ऑफिशियल रेसिडेंस व्हाइट हाउस में रविवार रात मिला व्हाइट पाउडर और कुछ नहीं बल्कि नशीला पदार्थ कोकीन था। यह दावा अमेरिकी अखबार 'वॉशिंगटन पोस्ट' ने मंगलवार रात किया। इस मामले की जांच सीक्रेट सर्विस की टीम कर रही है। 3 दिन पहले रविवार को यह पाउडर व्हाइट हाउस की लाइब्रेरी में पाया गया था। इसके बाद व्हाइट हाउस का लाइब्रेरी वाला हिस्सा कुछ देर के लिए खाली भी कराया गया था। सोमवार को इस पदार्थ की जांच शुरू हुई और अब इसके कोकीन होने की पुष्टि हुई है।

### रिपोर्ट में ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं



'न्यूयॉर्क पोस्ट' की रिपोर्ट में जांच दल में शामिल एक फायर फाइटर के हवाले से कहा गया- हमने पाया कि वो व्हाइट पाउडर कोकीन हाइड्रोक्लोराइड था। हमने इसे बरामद करने के बाद बैग में डाला और बाहर ले गए। अखबार ने जब इस बारे में सीक्रेट सर्विस से बातचीत की तो उन्होंने कहा- फिलहाल, जांच जारी है। लिहाजा, कोई कमेंट करना सही नहीं होगा। वहीं सीक्रेट सर्विस के स्पोक्समैन एंथनी ग्लेमी ने वॉशिंगटन पोस्ट से कहा- अभी इस पाउडर के कुछ और टेस्ट किए जाने हैं। इसके बाद ही तय हो पाएगा कि ये कोकीन ही है या कुछ और।

### अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन पर शक

रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना के वक्त प्रेसिडेंट बाइडेन व्हाइट हाउस में नहीं थे। वो फैमिली के साथ वीकेंड पर कैम्प डेविड में मौजूद थे। जांच एजेंसियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये पदार्थ चाहे जो भी हो, आखिर व्हाइट हाउस में पहुंचा कैसे? सीक्रेट सर्विस की एक टीम हर रोज व्हाइट हाउस की जांच करती है और उसने ही यह पाउडर बरामद किया था। प्रेसिडेंट बाइडेन के बड़े बेटे हंटर (53) पर ड्रग्स लेने समेत कई आरोप लगते रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हंटर कोकीन लेते हैं। शुक्रवार को पिता के साथ कैम्प डेविड जाने से पहले हंटर व्हाइट हाउस में ही थे। मंगलवार को यह फैमिली व्हाइट हाउस लौटी।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने की भारत के राष्ट्रपिता से अपनी तुलना, मंडेला व जिन्ना को बताया आदर्श

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी तुलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से की है, उन्होंने नेल्सन मंडेला व मोहम्मद अली जिन्ना को अपना आदर्श बताते हुए उनके नक्शेकदम पर चलने की बात कही है। इमरान खान ने कहा कि बड़ी संख्या में गिरफ्तारियों और आरोपों के बावजूद वह और उनकी पार्टी पाकिस्तान के अगले चुनावों में जीत हासिल करने में सक्षम है। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी तुलना नेल्सन मंडेला और महात्मा गांधी जैसे इतिहास के महान नेताओं से की। गौरतलब है कि 9 मई को पाकिस्तान में हुई हिंसा के संबंध में अब तक बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार किए जा चुके हैं। खुद इमरान खान सैकड़ों आरोपों का सामना कर रहे हैं और आए दिन उन्हें अदालतों में पेश होना पड़ रहा है। इंटरव्यू में इमरान ने कहा कि मुझे पता है कि वे मुझे फिर से जेल में डाल देंगे। इसमें बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा क्योंकि उन्हें डर है कि अगर मैं बाहर रहा तो मेरी पार्टी बहुत मजबूत हो जाएगी। इसलिए हमें जेल में डालकर चुनाव लड़ने से रोकने की कई कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि वे हमें जितना दबाने की कोशिश करेंगे, पीटीआई को उतना ही अधिक समर्थन मिलेगा। उनका कोई स्वार्थ नहीं है और वह नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना जैसे नेताओं के नक्शेकदम पर चलेंगे।

# ऑनलाइन गेम खेलकर 17 साल का बच्चा बना लखपति -दिन भर गेम खेलकर कमा चुका है लाखों रुपए

**लंदन।** 17 साल के लड़के मैसन ब्रिस्टॉ को ऑनलाइन गेम्स खेलने का ऐसा हुनर है कि वो इससे लाखों रुपये कमा चुका है।साल 2018 से ही वो गेम्स खेल रहा है और उसके प्रॉफिट को देखते हुए घर में भी कोई उसे रोकता नहीं है। लड़का अब तक सिर्फ गेम खेल-खेलकर भारतीय मुद्रा में 17 लाख 65 हज़ार से ज्यादा की रकम कमा चुका है।वो इन पैसों को कपड़े खरीदने, जूते खरीदने, छुट्टियों पर जाने और अपनी कॉलेज की फीस भरने में इस्तेमाल करता है।मैसन को डिस्लेक्सिया की बीमारी है और वो इतनी अच्छी तरह से गेम्स खेलकर ये दिखाना चाहता था कि लर्निंग में दिक्कत होने के बाद भी कुछ किया जा सकता है।वो अपने 63 साल के पिता एलन, 50 साल की मां नताली और 4 भाई-बहनों के साथ ब्रिस्टल में रहता है।उसके पैरेंट्स भी उसे गेम्स खेलने से रोकते नहीं हैं। मैसन अपने इस पैशन को ही पैसे कमाने के लिए इस्तेमाल करना चाहता है।वो किसी जगह नौकरी नहीं करता लेकिन गेम करेंसी को ही रियल मनी में बदलता है।वो दिन के 10 से 20 घंटे गेम खेलते हुए बिताता है और नया कंटेंट क्रिएट करता है।वो इससे फीस और ट्रिप्स के अलावा म्यूज़िकल थियेटर कोर्स करने में भी इस्तेमाल करता है।उसके माता-पिता का कहना है कि उन्हें इससे दिक्कत बिल्कुल नहीं है बल्कि उन्हें बेटे पर गर्व है। अक्सर आपने माता-पिता को अपने बच्चों को इसलिए डांटते हुए देखा या सुना होगा कि वो कम्प्यूटर पर गेम्स खेल रहे होते हैं। अभिभावक बच्चों का ज्यादा गेम खेलना अच्छा नहीं समझते हैं।

# इमरान को फंसने रातोंरात सख्त कर दिया कानून शाहबाज शरीफ सरकार ने कानून में बदलाव को कहा

**इस्लामाबाद।** पाकस्तिान की शाहबाज सरकार ने पूर्व पीएम इमरान खान पर शकिंजा कसना और तेज कर दयिा है। भ्रष्टाचार के एक मामले में मंगलवार को देश की शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी के सामने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पेशी थी। लेकनि इसके कुछ घंटे पहले ही पाकिस्तान सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में रातोंरात बदलाव कर उन्हें और अधिक सख्त बना दिया है। जियारत के लिए गए राष्टपति आरिफ अल्वी की अनुपस्थिति में उनका कामकाज देख रहे सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को जांच अवधि के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने और एनएबी अदालत को भी किसी संदिग्ध को गिरफ्तारी के बाद पहले के 15 दिनों के बजाय अब 30 दिनों की हिरासत में भेजने के प्रावधान की अनुमति का अधिकार देने के लिए एक अध्यादेश जारी किया। प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर यह अध्यादेश जारी किया गया। संजरानी द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया क सारांश के पैरा 6 में प्रधानमंत्री के सुझाव को अनुमोदित किया जाता है। राष्ट्रीय जवाबदेही (संशोधन) अध्यादेश, 2023 पर हस्ताक्षर के साथ इस लागू कर दिया गया है। ये बदलाव आधी रात के आसपास और इमरान के एनएबी के सामने पेश होने से कुछ घंटे पहले किए गए थे। इमरान खान (70) अपनी पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर से इस्लामाबाद के लिए रवाना हुए क्योंकि दोनों को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में एनएबी के सामने पेश होना था।उन्होंने यहां तक कहा कि वे हमें जितना दबाने की कोशिश करेंगे, पीटीआई को उतना ही अधिक समर्थन मिलेगा। उनका कोई स्वार्थ नहीं है और वह नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना जैसे नेताओं के नक्शेकदम पर चलेंगे। इमरान खान ने कहा कि मैं राजनीति में करियर बनाने नहीं आया। न ही किसी को करियर बनाने की सलाह देता हूं।

# जौनपुर में पत्नी और 3 बच्चों की हत्या की- फिर टेंट व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दी; नौकरी के लिए दिए 7 लाख रुपए डूब गए थे




**जौनपुर (मड़ियाहूं)।** जौनपुर में टेंट व्यापारी ने पत्नी और 3 बच्चों की हत्या करने के बाद सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला। जबकि उसी कमरे में बेड पर पत्नी और 3 बच्चों की बॉडी पड़ी थी। व्यापारी नागेश ने गांव के प्राथमिक स्कूल में नौकरी के लिए 7 लाख रुपए दिए थे। पैसे और नौकरी दोनों न मिलने के कारण उसने ये कदम उठाया। घटना मड़ियाहूं तहसील के जयरामपुर गांव की है। पत्नी के सिर पर चोट के निशान थे। ऐसा लग रहा था कि उसे लोहे की रॉड से मारा गया। वहीं, बच्चों के गले पर काले निशान थे। उन्हें गला दबाकर मारा गया था। पुलिस ने बताया किजयरामपुर गांव में टेंट व्यवसायी नागेश विश्वकर्मा का परिवार रहता था। मंगलवार रात तक उनके घर पर सब कुछ सामान्य था। लेकिन, बुधवार सुबह 10 बजे तक उनके घर का दरवाजा नहीं खुला। इस पर पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने नागेश के चचेरे भाई सोनू विश्वकर्मा को फोन करके सूचना दी। इसके बाद आनन-फानन में चचेरे बड़े भाई नागेश के घर पहुंचे। नागेश का घर अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इसके बाद जब खिड़की से झांक कर देखा तो पूरे मामले का पता चला। कमरे के अंदर नागेश का शव फंदे पर लटक रहा था। नागेश की पत्नी और तीनों बच्चे बेड पर बेसुध हालत में पड़े थे। भाई सोनू ने अन्य परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। साथ ही खुद ही दरवाजा तोड़कर अंदर गए। घटना की जानकारी होने के बाद एसपी जौनपुर अजय पाल, एसएसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह पहुंचे। उन्होंने बताया, कमरे के अंदर से नागेश की दो बेटियों निकिता (12), आयुषी (03) और बेटा आदर्श (05) का शव बरामद हुआ। तीनों के शव बेड पर पड़े थे। थोड़ी दूरी पर पत्नी राधिका का भी शव पड़ा था। बच्चों के गले पर कपड़ा लगा हुआ मिला है।

# प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका ने खुद को मारा ब्लेड,गंभीर



**हरदोई।** कोलकाता की रहने वाली युवती अपने प्रेमी को खोजते हुए हरदोई के पिहानी कस्बा पहुंची। वह शादी करने की बात पर अड़ी थी। लेकिन प्रेमी के घर का दरवाजा ना खुलने पर उसने अपनी कलाई पर ब्लेड मार लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती तो इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, पुलिस ने युवक को हिरासत में भी लिया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल युवक शादी के लिए राजी हो गया है।

### दिल्ली में युवक और युवती की मुलाकात हुई

दरअसल, कस्बे के मोहल्ला यूसुफजई नगर निवासी एक युवक दिल्ली में सिलाई का काम करता था। वहीं, उसके संबंध पश्चिम बंगाल की युवती से हो गए। दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी बने। युवती का आरोप है कि युवक ने कई बार उसका यौन शोषण किया। जब वह गर्भवती हो गई, तो युवती ने युवक से शादी करने के लिए कहा। इस पर वह उसे दिल्ली में ही छोड़ कर पिहानी स्थित घर चला आया।

# इलाज के बदले पत्नी मांगने वाले तांत्रिक की कहानी



**कौशांबी।** "तांत्रिक ने इलाज के बदले मेरी पत्नी के साथ संबंध बनाए। पत्नी मुझे बचाने के लिए मुझसे छुपाकर तांत्रिक के पास जाती रही। पत्नी के बाद उसने 15 साल की बेटी पर भी गंदी नजर डाली। झाड़ फूंक करके उसे वश में कर लिया। मेरी बेटी 3 महीने से लापता है। पत्नी ने बेटी को तांत्रिक के चंगुल से छुड़ाने की बहुत कोशिश की। जब हार गई तो उसने तांत्रिक के दरवाजे पर सुसाइड कर लिया।" ये दर्द है पत्नी की मौत से गमजदा और 3 महीने से बेटी की खोज में दर-दर भटक रहे एक पिता का। उसका कहना है, "2 जुलाई को मेरी पत्नी को तांत्रिक ने अपने घर बुलाया था। उसने मेरी पत्नी से कहा था, घर आओ और अपनी बेटी को ले जाओ। इसके बाद पता नहीं क्या हुआ पत्नी ने जान दे दी।" प्रयागराज की रहने वाली एक महिला करीब डेढ़ साल पहले कौशांबी के रहने वाले राजू नाम के तांत्रिक से मिली थी। महिला का पति बीमार था।

# बहन से था प्रेम-प्रसंग, इसलिए युवक को मार डाला- भाई ने बहाने से जंगल में ले जाकर घोपा चाकू, 25 जून को मिली थी लाश



**मेरठ।** मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र में जंगल में 25 जून को मिले शव का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक का उसकी बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था, इसी के चलते उसने युवक की हत्या कर दी थी। मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अजराड़ा के जंगल में 25 जून को युवक का शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया था। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया था, लेकिनपहचान नहीं हो पाई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हत्या के मामले का खुलासा करने के लिए थाना प्रभारी वीरपाल सिंह ने टीम का गठन किया। टीम की खुद कमान संभालते हुए मृतक के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। सर्विलांस और मुखबिर की मदद से मृतक की पहचान नौशाद के रूप में हुई। वह मीरापुर थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर का रहने वाला था। जांच के दौरान पुलिस को नदीम पुत्र वसीम निवासी ग्राम अजराड़ा, हाल निवासी बबलू गार्डन कॉलोनी थाना लोनी जिला गाजियाबाद का पता चला। पुलिस ने नदीम को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि नौशाद का उसकी बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी के चलते नौशाद को उसने बहाने से अजराड़ा स्थित अपने पुराने घर बुलाया और ग्राम अजराड़ा के जंगल में ले जाकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस दौरान नदीम ने नौशाद के फोन को अपने पास रख लिया। पुलिस ने आरोपी से चाकू और मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया। नदीम को जेल भेज दिया गया।

# ब्यॉयफ्रेंड ने दोस्तों संग की प्रेमिका की हत्या- ईंट मारकर मौत के घाट उतार दिया



**मेरठ।** मेरठ से बुधवार को पुलिस ने सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया है। प्रेमी ने अपने 4 दोस्तों के साथ मिलकर गर्लफ्रेंड की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। वजह थी कि प्रेमिका गर्भवती हो गई थी। इसके बाद वो शादी के लिए दबाव बना रही थी। आरोपी उससे शादी नहीं करना चाहता था। इसलिए जान से मारा। 2 जुलाई को उसने घर से भागने के बहाने खेत में बुलाया। फिर दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने कॉल डिटेल के जरिए पांचों आरोपियों को पकड़ लिया। बता दें कि 3 जुलाई युवती को शव खेत में मिला था। पुलिस ने युवती के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल चेक की तो आखिरी कॉल खिर्वा जलालपुर गांव के आदेश नामक युवक की थी। कॉल और लोकेशन हिस्ट्री के आधार पर पुलिस इन युवकों तक पहुंची। युवकों से पूछताछ हुई तो उन्होंने पूरा सच बताया। पुलिस ने दीपक पुत्र नन्हे, आदेश पुत्र समंदर सैन, आर्यन पुत्र सतीश, संदीप पुद्ध बृजलाल और रोहित पुत्र बॉवी को अरेस्ट किया है। सभी लोग खिर्वा जलालपुर थाना सरधना मेरठ के रहने वाले हैं। पूछताछ में युवकों ने बताया कि रामबीरी का आदेश के साथ अफेयर चल रहा था। 2015 में अरुण पुत्र विनोद निवासी टेहरकी सरधना से रामबीरी की शादी हुई थी। लेकिन, शादी के एक साल बाद ही विवाद के कारण 2016 में दोनों अलग हो गए। अलग होने के बाद रामबीरी यहां अपने पिता के घर पर रह रही थी। जहां उसका अफेयर आदेश के साथ हो गया। आदेश के साथ अवैध संबंध के चलते रामबीरी प्रेग्नेंट हो गई। गर्भवती होने के बाद जब उसने प्रेमी आदेश से शादी को कहा तो वो मुकर गया। युवती लगातार आदेश पर शादी का दबाव बना रही थी। आदेश इससे दुखी हो चुका था।

# अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लर बैन- तालिबान ने कहा- एक महीने में तमाम ब्यूटी सैलून बंद करो, वजह बाद में बताएंगे



**काबुल।** अफगानिस्तान की हुकूमत पर कब्जा करने वाले आतंकी संगठन तालिबान ने देश में तमाम ब्यूटी पार्लर बंद करने का ऑर्डर जारी किया है। ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिलाओं को एक महीने का वक्त दिया गया है। हालांकि, इस बैन की वजह नहीं बताई गई है। तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से उसने लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा और नौकरी से जुड़े तमाम अधिकार छीन लिए हैं।

### तालिबान ने कहा- ये जरूरी फैसला

- तालिबान की होम मिनिस्ट्री ने ब्यूटी पार्लर बैन किए जाने के आदेश की पुष्टि की है। अफगानिस्तान में हजारों ब्यूटी पार्लर हैं। इनकी ओनरशिप महिलाओं के पास ही है। इस फरमान से इन महिलाओं का रोजगार छिन जाएगा। ज्यादातर पार्लर महिलाओं ने घर में ही खोले थे और यहां किसी भी पुरुष के आने पर सख्त पाबंदी थी।
- हैरानी की बात यह है कि तालिबान हुकूमत ने अब तक ब्यूटी पार्लर बंद करने के फैसले की वजह नहीं बताई। इस बारे में न्यूज एजेंसी ने जब सवाल किया तो तालिबान की तरफ से कहा गया- एक महीना गुजर जाने दीजिए, वजह इसके बाद ही बताई जाएगी।
- अफगानिस्तान में हजारों ब्यूटी पार्लर थे। तब तालिबान ने कई बार कहा था कि इन पार्लर का इस्तेमाल फिजूल की बातों और गॉसिप के लिए होता है।

# सैटेलाइट लॉन्चिंग मार्केट में तेजी से उभर रहा भारत



**जेवर/नोएडा।** जब भारत ने 1963 में अपना पहला रॉकेट लॉन्च किया, तो दुनिया की सबसे अत्याधुनिक तकनीक का पीछा करने वाला एक गरीब देश था। एक साइकिल पर रॉकेट को लॉन्चपैड तक ले जाकर भारत ने चुनौतियों से भरी अंतरिक्ष तकनीक में अपने कदम रखे थे। आज इस दौड़ में भारत ने बहुत अधिक मजबूती हासिल कर ली है। इस समय भारत में अंतरिक्ष तकनीक पर कम से कम 140 पंजीकृत स्टार्ट-अप है। कोरोना काल शुरू होने से पहले ये सिर्फ पांच थे। इनमें एक अनुसंधान क्षेत्र भी शामिल है। अंतरिक्ष तकनीक से जुड़ा क्षेत्र पूंजी निवेशकों के लिए भारत में सबसे अधिक मांग वाले क्षेत्रों में से एक है।2022 में अंतरिक्ष स्टार्ट-अप ने नए निवेश में लगभग 980 करोड़ रुपए जुटाए। ये हर साल दोगुना या तिगुना हो रहा है।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।